the interview takes place. During the discussion, the teacher (preferably together with a colleague) observes the learner's performance and awards each one marks out of 10 according to the assessment scale. A school may opt for individual interviews if the procedure suggested above is not feasible. For this, debates and speech contests may be held.

b) Assignments (20%)

Based on course materials, a number of activities can be identified as suitable for continuous assessment assignments. These may be in the form of project works. The learner's performance in carrying out these assignments will be recorded and counted towards his final mark for the year. 20 marks have been allotted for these assignments.

Since speaking is not assessable through a written assignment, it chiefly forms the part of conversational skill assessment. Reading and listening can be assessed through course book activities which lead to a written product such as notes, a table or a summary. In view that these assignments are meant for listening and reading skill assessment, learners should be awarded marks as objectively as possible according to the extent to which they have understood, whether through reading or through listening. The learners should not be penalised in such assignments for errors in punctuation, spelling or grammar. Marking of these assignments will be based on the content expected to demonstrated comprehension and for this reason assessment scales will not be necessary.

Assessment of writing skills forms an important and integral part of the overall assessment of the learner's use of English language. A number of assignments, therefore, will focus or writing skills and involve extended writing.

The chosen assignments should vary each year. Throughout the year, the teacher should keep a record of marks awarded for assessments carried out either class or as homework and these marks should be aggregated to provide each learner's final marks out of 20 allotted for assignment. Final examination at the end of the class IX carries 40%.

E .amination Specification
CLASS IX

One Paper	3 Hours	Marks : 100
SECTION A: READING	**30 Marks**	**25 Periods**

1. One unseen passage factual in nature of 200 words, followed by four or five comprehension questions. — 8 Marks
2. One unseen literary passage of 300 words, followed by four or five comprehension questions and two questions on vocabulary. Marks for vocabulary will not exceed 4. — 12 Marks

SECTION B: WRITING — **20 Marks** — **30 Periods**

3. **Letter Writing** – One letter in not more than 80 words based on provided verbal stimulus and context. — 8 Marks
   Types of letter: Informal: Personal such as to family members relatives and friends. Formal: Letters of complaint, enquiry, request & application.
4. Writing short paragraph on a given outline/topic in about 60 words — 4 Marks
5. Composition: A short writing task based on a verbal and/or visual stimulus. (diagram, picture, graph, map, chart, flow chart etc.) Maximum words 80 — 8 Marks

SECTION C: GRAMMAR AND TRANSLATION — **20 Marks** — **40 Periods**
Question No.6-11

A variety of short questions involving the use of particular structures within a context. Text types used will include gap-filling, sentence-completion, sentence-reordering, dialogue-completion and sentence-transformation (including combining sentences) from among following topics:

- Tenses (present with extension)
- Modals (have/had to, must, should, need, ought to and their negative forms)
- Use of passive voice
- Subject/verb concord
- Reporting
    - Commands and requests
    - Statements
    - Questions
- Clauses:
    - (i) Noun-clauses
    - (ii) Adverb Clauses of condition and time
    - (iii) Relative Clauses
- Determiners, and
- Prepositions

Note: No separate marks allotted for any of grammatical items listed above.

12. A prose passage in Hindi of 5 sentences only for translation into English 5 Marks

SECTION D: TEXT BOOKS & SUPPLEMENTARY READERS
40 Marks 85 Periods

New Textbook for Class IX

Prose & Drama **20 Marks**

13. One extract from tales and stories included in Textbook (approximately 100 words). One mark will be for vocabulary. 4 marks in each passage will be used for testing local and global comprehension besides a question on interpretation. 5 Marks
14. One extract from different lessons, discursive in nature, included in the Textbook (approximately 100 words). One mark will be for vocabulary. 4 marks in each passage will be used for testing local and global comprehension besides a question on interpretation. 5 Marks
15. One out of two questions extrapolative in nature based on any one of the prose lessons from Textbooks to be answered in about 80 words. 6 Marks
16. One question on Drama Text (local and global comprehension question) 40-50words) 4 Marks

Poetry **10 Marks**

17. One extract from a poem from the prescribed Textbook followed by two or three questions to test the local and global comprehension of the set text. 4 Marks
18. Two out of three short answer type questions on interpretation of themes and ideas. 2x 3 6 Marks

New Supplementary Reader for Class IX

10 Marks

19. One out of two questions from Supplementary Reader to interpret, evaluate and analyse character, plot situations occurring in the lessons to be answered in about 100 words 7 Marks
20. One out of two short answer type questions is of interpretative and evaluative nature and another based on the factual aspects of the lessons to the answered in 30-35 words 3 Marks

Prescribed Books

1. New Textbook for Class IX
2. new Workbook for class IX
3. New Supplementary Reader for Class IX

<u>Suggestions for the selection of textual materials</u> for classes IX &X

1. Contents as well as vocabulary of other subjects like science, social sciences and environmental science should adequately be included. This will help reinforcement of learning along with meeting the linguistic needs of the child, enabling him to use English in various social contexts or learning situation.
2. Similarly, there should be a meaningful correlation between the teaching of other languages and English.

3. Representative pieces on the suggested topics should have sufficient Bihar inputs. For example, while dealing with Travel and tourism, places like Rajgir, Nalanda, Lauria etc and topics like Golghar, Bodhivriksha, Shershah's tomb etc should be given priority.
4. Genuine Bihari writers in English or good texts on Bihar should be included with priority in the textbook.
5. Standard translation from different regional languages/ mother tongues should be given 50% space in the supplementary reader.
6. Attempts should be made to integrate different skills on a given topic.
7. The textbook should pinpoint the test to be given and suggest activities at the end of every lesson.
8. The cultural context should be taken into consideration in which value –education and the guidelines of the preambles of Indian constitution should be suitably incorporated. Among other things, constitutional principles need to be included especially the philosophy of the preamble and the values implied in the chapter on the fundamental rights and the fundamental duties.
9. Folk tales/fables/ legend/ local history should adequately be included.
10. Adequate emphasis should be laid on the actual use of language in a variety of ways.
11. With a view to achieving the objectives laid down in the syllabus textbook and workbook are required to be made for enhancing the levels of learners' competence and performance in English in the light of the syllabus prescribed for the purpose.
12. Incorporation of important recent event/happenings.
13. Students should be given some enlightenment on the disaster management plan

Syllabus: Class X

Sl no	Teaching Items	Method	Objectives	Remarks/ Textual support
1.	Word Accent and Intonation (contd)	Oral exercises	Listening and Speaking skills	Sufficient inputs for practice/ drill
2.	Group discussions on contemporary issues	Oral exercises	Developing Listening, Speaking and argumentative skills	Issues like the justification of the capital punishment in the modern context. Or issues like 'Relevance of teaching literature in the Age of Globalisation."
3.	Comprehension	Reading with understandin g and writing exercises	Ability to respond effectively in writing	• Unseen passages both factual and literary of varying length • Graphs/ charts/ Tables etc
4.	Reading of tales/ short stories /short plays	Reading and Writing exercises	Reading with understanding and imbibing virtues	Pieces of native English writers, Indian writers, commonwealth writers and Bihari writers
5.	Reading of informative pieces/essays	Extensive Reading	Reading for understanding and expression	Issues related to environment, disaster management, forestry, adolescence, human rights, Adventure and imagination, cultural diversity and unity, health and reproduction etc.
6.	Recitation of poems for enjoyment and	Oral and Written	Enjoying and understanding	Wide ranging themes comprehending different aspects of life and society (4-

	understanding	exercises	poems and imbibing human values and/or encountering truth	6 poems)
7.	Writing (composition) exercises	Controlled, guided and free writing exercises	Using appropriate format and style of writing	Sufficient inputs should be given to encourage • Letter writing: formal and informal • Writing a paragraph on given verbal and /or non verbal clues • Writing notices and messages on given verbal and /or non verbal clues
8.	Translation from mother tongue (structure based sentences)	Writing exercise	Ability to translate from mother tongue into English and vice versa.	Interesting, informative passages of universal or contemporary significance
9.	Grammatical items and structures: a) Reinforcement of items like: • Sequence of Tenses in connected speech • Reported speech in extended texts • Use of non-finites • Passive Voice • Punctuation marks (semicolon, colon, dash, hyphen, parenthesise or use of brackets and exclamation mark) • Preposition • Synthesis using cohesive devices b) Phrases and idioms including Phrasal verbs and prepositional phrases c) Analysis: complex & Compound sentences	Oral and writing exercises	Listening, Speaking, Reading and Writing skills	Sufficient examples followed by extensive exercises based on or related to the text.

Examination Specification
CLASS X

One Paper	3 Hours	Marks : 100
SECTION A: READING	**20 Marks**	**25 Periods**

1. One unseen passage factual in nature of 200 words, followed by four or five comprehension questions. — 8 Marks
2. One unseen literary passage of 300 words, followed by four or five comprehension questions and two questions on vocabulary. Marks for vocabulary will not exceed 4. — 12 Marks

SECTION B : WRITING — **20 Marks** — **30 Periods**

3. **Letter Writing** – One letter in not more than 80 words based on provided verbal stimulus and context. — 8 Marks
   Types of letter: Informal: Personal such as to family members relatives and friends. Formal: Letters of complaint, enquiry, request & application.
4. Writing a short paragraph on a given outline/topic in about 60 words — 4 Marks
5. Composition: A short writing task based on a verbal and/or visual stimulus. (diagram, picture, graph, map, chart, flow chart etc.) Maximum words 80 — 8 Marks

SECTION C: GRAMMAR AND TRANSLATION — **20 Marks** — **40 Periods**
Question No.6-11

A variety of short questions involving the use of particular structures within a context. Text types used will include gap-filling, sentence-completion, sentence-reordering, dialogue-completion and sentence-transformation (including combining sentences) from among following topics:

- Use of non-finites.
- Sentence connectors: as, since, while, then, just because, just, until.
- Clauses with what, where and how.
- Tense including sequence of tense
- Modals: can, could, may, must, might
- Use of passive voice
- Subject/verb concord
- Reporting
  - Commands and requests
  - Statements
  - Questions

- Determines and
- Preposition

12. A prose passage in Hindi of 5 sentences only for translation into English 5 Marks

Note: All other areas covered in Class IX will also be tested in Class X as this is an integrated course for this area of learning.

SECTION D: TEXT BOOKS & SUPPLEMENTARY READERS
40 Marks **85 Periods**

New Textbook for Class X

Prose & Drama **20 Marks**

13. One extract from tales and stories included in Textbook (approximately 100 words). One mark will be for vocabulary. 4 marks in each passage will be used for testing local and global comprehension besides a question on interpretation. 5 Marks
14. One extract from different lessons, discursive in nature, included in the Textbook (approximately 100 words). One mark will be for vocabulary. 4 marks in each passage will be used for testing local and global comprehension besides a question on interpretation. 5 Marks

15. One out of two questions extrapolative in nature based on any one of the prose lessons from Textbooks to be answered in about 80 words. 6 Marks
16. One question on Drama Text (local and global comprehension question) 40-50words) 4 Marks

Poetry **10 Marks**

17. One extract from a poem from the prescribed Textbook followed by two or three questions to test the local and global comprehension of the set text. 4 Marks
18. Two out of three short answer type questions on interpretation of themes and ideas. 2x 3 6 Marks

New Supplementary Reader for Class X

10 Marks

19. One out of two questions from Supplementary Reader to interpret, evaluate and analyse character, plot situations occurring in the lessons to be answered in about 100 words 7 Marks
20. One out of two short answer type questions is of interpretative and evaluative nature and another based on the factual aspects of the lessons to the answered in 30-35 words 3 Marks

Prescribed Books

4. New Textbook for Class X
5. New Workbook for class X
6. New Supplementary Reader for Class X

♣

4. गणित

1. भूमिका

माध्यमिक स्तर पर गणित एक महत्त्वपूर्ण विषय है जिसके शिक्षण के उद्देश्यों के निम्नलिखित महत्त्वपूर्ण आयाम हो सकते हैः

- एक प्रभावशाली नागरिक के रूप में तथा दैनन्दिन क्रियाकलापों एवं कार्यों का सकुशल निर्वाहन करने हेतु गणित के विभिन्न अवबोधों, उसकी अवधारणाओं एवं कलाओं से अवगत होने का अवसर प्रदान करना।
- उन व्यवसायों/रोजगारों के लिए तैयार करना, जिनमें माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक स्तर के उपरान्त गणित पठन-पाठन की आवश्यकता नहीं होती, अथवा
- माध्यमिक स्तरोपरान्त उच्चतर गणित शिक्षण हेतु मार्गदर्शक के रूप में।

हमारे देश में माध्यमिक स्तर के पश्चात् बच्चे प्रधानतः चार-पाँच प्रकार के कैरियर बिन्दु चुन सकते हैं। अतः गणित-शिक्षण के द्वारा उन्हें प्रोत्साहित करते हुए तर्क-शक्ति, गणितीय हल एवं अन्तर्ज्ञान तथा गणितीय समझ विकसित करने की आवश्यकता है।

प्रस्तुत पाठ्यक्रम के निर्माण में निम्न महत्त्वपूर्ण बिन्दु प्रभावशाली रहे है—

- मात्र बोझ कम करने के उद्देश्य से उपयोगी विषयवस्तु को पाठ्यक्रम से हटाया जाना उचित नहीं है
- उपयोगी विषयवस्तु को सरल से जटिल क्रम की ओर जाते हुए निम्न कक्षा से उच्च कक्षा तक शिक्षण की व्यवस्था की गई है।
- गणित को सरल और सुलभ बनाने के लिए पढ़े गए विषयों पर आधारित क्रियाकलाप करवाए जाएँगे।
- विषयवस्तु की अनावश्यक आवृति से बचा गया है, फिर भी, गणित में अभ्यास के महत्त्व को देखते हुए एक ही विषयवस्तु को दो या तीन वर्षों तक लगातार पढ़ाया गया है।

- गणित अनिवार्य विषय के रूप में सभी छात्रों के लिए उपयोगी है इसलिए विषय के अंतर्गत आने वाले विभिन्न क्षेत्रों की शिक्षा दी जाएगी।
- सामान्य जीवन में व्यावसायिक गणित की उपयोगिता को देखते हुए इसे नवम वर्ग तक पढ़ाया जाएगा।
- विद्यालय शिक्षा के पश्चात् छात्र विभिन्न स्तरों पर होनेवाली परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करें, इसलिए कई नई विषयवस्तुओं को जोड़ा गया है जबकि कुछ विषयवस्तुओं, जो पहले के पाठ्यक्रम में थी, को हटा दिया गया है।

पाठ्यक्रम में शामिल विषय इस प्रकार है।

1. संख्या-पद्धति
2. बीजगणित
3. व्यावसायिक गणित
4. त्रिकोणमिति
5. संगणना एवं प्रायिगता
6. क्षेत्रमिति
7. नियामक ज्यामिति
8. ज्यामिति

2. उद्देश्य—इस स्तर पर चुनी गई विषय-वस्तुओं से संबंधित निम्न व्यावहारगत उद्देश्यों की पूर्ति की आपेक्षाएँ हैः

छात्र

- सामाजिक जीवन में समस्याओं को गणितीय भाषा में/सूत्र में निरूपित कर सकेंगे,

- संगत तथा असंगत समीकरणों का अंतर शब्दों में और आलेख द्वारा व्यक्त कर सकेंगे,
- आँकड़ों का संकलन एवं विश्लेषण के आधार पर नए अनुमान निकाल सकेंगे,
- उनमें मापन की कुशलता आयेगी तथा वे विभिन्न आकृतियों का क्षेत्रफल एवं आयतन से संबंधित समस्या का निदान ढूँढ़ पाएँगे.
- छात्र अपने व्यवसाय तथा व्यापार से संबंधित समस्याओं का हल करने में सक्षम होंगे,
- ऊँचाई और दूरी से संबंधित प्रश्नों का हल निकाल सकेंगे,
- युक्लिड ज्यामिति का प्रयोग जानेंगे तथा इस आधार पर विभिन्न व्यावहारिक समस्याओं का समाधान करेंगे और
- नियामक ज्यामिति के अंगर्तत किसी पिण्ड की स्थिति का गणितीय निरूपण कर पाएँगे।

3. शिक्षण विधि—विभिन्न शिक्षण कौशलों जैसे—उद्दीपन कौशल, प्रश्न पूछने का कौशल, श्याम पट कौशल, प्रस्तावना कौशल, उत्प्रेरण कौशल इत्यादि का उपयोग करते हुए शिक्षक छात्रों के साथ चर्चा एवं व्याख्या करते हुए सहभागिता के द्वारा व्यावहारगत उद्देश्य की प्राप्ति के लिए प्रयास करेंगे। इस क्रम में विभिन्न सहायक सामग्री का उपयोग किया जाएगा तथा स्थानीय स्तर पर सामग्री का उपयोग किया जाएगा तथा स्थानीय स्तर पर सामग्रियों का निर्माण किया जाएगा। शिक्षक विषयवस्तु के आधार पर सहगामी क्रियाओं एवं प्रोजेक्ट कार्यों में छात्रों की मदद करेंगे।

4. शिक्षण सामग्री—पाठ्यपुस्तक, शिक्षक संदर्शिका, चार्ट, मॉडल, फिल्म सॉफ्टवेयर इत्यादि।

5. पाठ्यक्रम संरचना एवं परीक्षा का ढ़ाँचा

वर्ग IX

इकाई की क्रम संख्या	उपविषय	मुख्य विन्दु	बिन्दुवार निर्धारित अंक
I	संख्या पद्धति	वास्तविक संख्या	10
II	बीजगणित	बहुपद दो चर वाले रैखिक समीकरण	20
III	व्यावसायिक गणित	शेयर एवं लाभांश, बट्टा, चक्रवृद्धि ब्याज, किस्तों में भुगतान	15
IV	नियामक ज्यामिति	नियामक ज्यामिति	10
V	ज्यामिति	यूक्लिड की ज्यामिति रेखाएँ एवं कोण त्रिभुज चतुर्भुज क्षेत्रफल वृत्त बनावट	25
VI	क्षेत्रमिति	क्षेत्रफल पृष्ठ क्षेत्रफल	10
VII	सांख्यिकी	सांख्यिकी सहायक पाठ	10

पाठ्यक्रम

इकाई—I संख्या पद्धति

1. वास्तविक संख्याएँ (18 घंटियाँ)

- संख्या रेखा पर प्राकृतिक संख्याओं, पूर्णांकों एवं परिमेय संख्याओं के निरूपण का पुनरावलोकन। निरन्तर आवर्धन (Successive Magnification) विधि द्वारा सांत एवं असांत आवर्ती दशमलवों का संख्या रेखा पर निरूपण। असांत अनावर्ती दशमलवों के उदाहरण जैसे $\sqrt{2}, \sqrt{3}, \sqrt{5}$, इत्यादि। अपरिमेय संख्याओं का अस्तित्व जैसे $\sqrt{2}, \sqrt{3}$ एवं उनका निरूपण। [प्रत्येक वास्तविक संख्या का संख्या रेखा के एक और केवल एक बिन्दु द्वारा निरूपण एवं संख्या रेखा के प्रत्येक बिन्दु का एक और केवल एक वास्तविक संख्या होने की सांकेतिक पहचान] किसी धनात्मक वास्तविक संख्या x का वर्गमूल $\sqrt{x}$ का अस्तित्व (दृश्य प्रमाणों पर बल)। करणी एवं करणी के नियमों का आरम्भिक ज्ञान। किसी वास्तविक संख्या के nवें मूल की परिभाषा। पूर्णघात वाले घातांकों के नियमों का पुनरावलोकन। धनात्मक वास्तविक आधारवाले परिमेय घातांक। $\frac{1}{a+b\sqrt{x}}$ & $\frac{1}{\sqrt{x}+\sqrt{y}}$ (पूर्णांक a, b एवं प्राकृतिक संख्या x, y) के प्रकार की वास्तविक संख्याओं का परिमेयीकरण।

इकाई—II बीजगणित

1. बहुपद (20 घंटियाँ)

- एक चरवाले बहुपदों की परिभाषा, उनके गुणांक, पद एवं शून्य बहुपदों का ज्ञान। बहुपद की श्रेणी, स्थिर, रैखिक एवं द्विघात, त्रिघात बहुपद। एकपद, द्विपद, त्रिपद। विभाजक एवं गुणज। बहुपद/ समीकरण के शून्य/मूल। शेष प्रमेय एवं गुणनखण्ड प्रमेय का कथन एवं प्रमाण। ax^2+bx+c का गुणनखण्ड जहाँ $a \neq 0$ एवं a, b, c वास्तविक संख्याएँ हैं। त्रिघात बहुपदों का गुणनखण्ड (विभाजक प्रमेय प्रयोग करते हुए)।
- बीजगणितीय व्यंजक एवं तादात्म्यों का पुनरावलोकन। प्रमुख तादात्म्यों का ज्ञान जैसे :
  1. $(x+y+z)^2 = x^2+y^2+z^2+2xy+2yz+2zx,$
  2. $(x \pm y)^3 = x^3 \pm y^3 \pm 3xy(x \pm y)$
  3. $x^3+y^3+z^3-3xyz = (x+y+z)(x^2+y^2+z^2-xy-yz-xz)$

  एवं उनके प्रयोग से बहुपदों का गुणनखण्ड निकालना। साधारण व्यंजक जिन्हें इन तादात्म्यों के रूप में व्यक्त किया जा सके।

2. दो चर वाले रैखिक समीकरण (10 घंटियाँ)

- एक चरवाले रैखिक समीकरणों का पुनरावलोकन। दो चरवाले रैखिक समीकरणों का परिचय। प्रमाणित करना कि दो चरवाले समीकरणों के अंकगणितीय हल होते हैं एवं उन्हें वास्तविक संख्याओं के क्रमिक युग्म के रूप में व्यक्त किया जा सकता है, उन्हें अंकित किया जा सकता है जो एक सीधी रेखा पर पड़ते हैं। व्यावहारिक समस्याएँ (अनुपात एवं समानुपात सहित) एवं उनका बीजगणितीय एवं आलेखीय हल। बहुपदों का लघुतम समापवर्त्य एवं महत्तम समापवर्तक (बीजगणितीय अनुप्रयोगों सहित)।

इकाई—III व्यावसायिक गणित (10 घंटियाँ)

- बट्टा, शेयर एवं लाभांश, चक्रवृद्धि ब्याज और किस्तों में भुगतान।

इकाई—IV नियामक ज्यामिति

1. नियामक ज्यामिति (5 घंटियाँ)

- कार्तिय समतल, एक बिन्दु के नियामक, नियामक समतल से जुड़े शब्दों एवं पदों की जानकारी, प्रत्युक्त चिह्न, समतल पर बिन्दुओं का अंकन, उदाहरण-स्वरूप रैखिक समीकरणों के आलेख, $\frac{x}{A}+\frac{y}{B}=1$ जैसे रैखिक समीकरण।

इकाई—V ज्यामिति

1. यूक्लिड की ज्यामिति की भूमिका : (6 घंटियाँ)

- इतिहास : यूक्लिड एवं भारत में ज्यामिति, यूक्लिड की विधि यथा अवलोकित घटनाओं का गणितीय प्रकटीकरण एवं उनकी परिभाषाएँ—सामान्य/स्पष्ट चिह्न। स्वयं सिद्ध/उपपत्तियाँ एवं प्रमेय। प्रमेय एवं स्वयंसिद्धों के आपसी संबंधों की मौलिक जानकारी।

2. रेखाएँ एवं कोण (12 घंटियाँ)

(i) (उत्प्रेरण) : किसी रेखा पर पड़नेवाली किरण से बननेवाले आसन्न कोणों का योगफल 180° होता है एवं इसका विलोम।

(ii) (सिद्ध करना) : यदि दो रेखाएँ एक दूसरे को काटती है तो सम्मुख कोण बराबर होते है।

(iii) (उत्प्रेरण) : दो समानान्तर रेखाओं को एक तिर्यक-रेखा के काटने पर बननेवाले एकान्तर कोण, आसन्न कोण, संगत कोण, अन्तःकोणों पर आधारित परिणाम।

(iv) (उत्प्रेरण) : एक रेखा के समानान्तर सारी रेखाएँ आपस में समानान्तर होती है।

(v) (सिद्ध करना) : किसी त्रिभुज के सभी कोणों का योगफल 180° होता है।

(vi) (सिद्ध करना) : किसी त्रिभुज की एक भुजा बढ़ाने पर बननेवाला बहिर्कोण दोनों अन्तःकोणों के योग के बराबर होता है।

3. त्रिभुज (18 घंटियाँ)

(i) (उत्प्रेरण) : (भुजा-कोण-भुजा) सर्वांगसमता

(ii) (सिद्ध करना) : कोण-भुजा-कोण सर्वांगसमता

(iii) (सिद्ध करना) : भुजा-भुजा-भुजा पर सर्वांगसमता

(iv) (सिद्ध करना) : समकोण त्रिभुज पर सर्वांगसमता

(v) (सिद्ध करना) : किसी त्रिभुज के समान भुजाओं के आसन्न कोण बराबर होते है।

(vi) (सिद्ध करना) : किसी त्रिभुज में समान कोणों की सामनेवाली भुजाएँ आपस में बराबर होती है।

(vii) (सिद्ध करना) : किसी त्रिभुज में सबसे बड़ी भुजा के सामने का कोण सबसे बड़ा होता है एवं छोटी भुजा के सामने का कोण सबसे छोटा होता है।

(viii) (सिद्ध करना) : किसी त्रिभुज में दो भुजाओं का योग तीसरी भुजा से बड़ा होता है।

4. चतुर्भुज (10 घंटियाँ)

1. (सिद्ध करना) : किसी समानान्तर चतुर्भुज का विकर्ण उसे दो सर्वांगसम त्रिभुजों में बाँटता है।
2. (सिद्ध करना) : किसी चतुर्भुज में

   (i) सम्मुख भुजाएँ बराबर होती है एवं इसका विलोम

   (ii) सम्मुख कोण बराबर होते है एवं इसका विलोम

(iii) दोनों विकर्ण एक दूसरे को समद्विभाजित करते हैं

(iv) कोई चतुर्भुज एक समानान्तर चतुर्भुज होता है यदि और केवल यदि भुजाओं के दोनों युग्म समानान्तर एवं बराबर होते हैं।

(v) किसी त्रिभुज में दो भुजाओं के मध्य-बिन्दुओं को जोड़नेवाली रेखाखण्ड तीसरे भुजा के समानान्तर होती है एवं विलोम

5. क्षेत्रफल (4 घंटियाँ)

1. क्षेत्रफल के ज्ञान का पुनरावलोकन
   आयत का क्षेत्रफल

   (a) (सिद्ध करना) : एक ही आधार एवं दो समानान्तर रेखाओं के बीच बने दो समानान्तर चतुर्भुजों का क्षेत्रफल समान होता है।

   (b) (सिद्ध करना) : एक ही आधार एवं दो समानान्तर रेखाओं के बीच बने दो त्रिभुजों का क्षेत्रफल बराबर होता है।

6. वृत्त (15 घंटियाँ)

- उदाहरणों द्वारा किसी वृत्त की त्रिज्या, परिधि, व्यास, जीवा, चाप, वृत्तखण्ड, केन्द्र पर बनी कोणों की परिभाषाएँ स्पष्ट करना।

(i) (सिद्ध करना) : किसी वृत्त में दो समान जीवाओं से बने केन्द्र पर के कोण बराबर होते है।

(ii) (सिद्ध करना) : किसी वृत्त के केन्द्र से किसी जीवा पर डाला गया लम्ब उसे समद्विभाजित करता है एवं विलोम।

किसी वृत्त के केन्द्र से गुजरनेवाली रेखा, जो किसी जीवा को समद्विभाजित करती है, जीवा पर लम्ब होती हैं।

(iii) (सिद्ध करना) : किन्हीं तीन असंरेख बिन्दुओं से होकर एक और केवल एक वृत्त खीचा जा सकता है।

(iv) (सिद्ध करना) : किसी वृत्त (अथवा सर्वांगसम वृत्त) की समान जीवाएँ केन्द्र से समदूरत्व पर होती है एवं विलोम।

(v) (सिद्ध करना) : एक वृत्त में किसी चाप से बने केन्द्र पर का कोण उसी नाप से बने केन्द्र पर के कोण का दुगुना होता है।

(vi) (सिद्ध करना) : वृत्त के एक ही खण्ड में बने कोण समान होते हैं।

(vii) (सिद्ध करना) : यदि दो बिन्दुओं को जोड़नेवाला रेखाखण्ड एक ही तरफ के दो अन्य बिन्दुओं पर समान कोण बनाता हो तो चारों बिन्दु एक ही वृत्त पर आधारित होते हैं।

(viii) (सिद्ध करना) : चक्रीय चतुर्भुज में आमने-सामने के काणों का योग $180°$ होता है।

7. बनावट (10 घंटियाँ)

1. किसी रेखाखण्ड के समद्विभाजकों की बनावट, $60°$, $90°$, $45°$ के कोणों की बनावट, समबाहु त्रिभुज की बनावट।
2. एक ऐसे त्रिभुज की बनावट जिसका आधार, दो अन्य भुजाओं का योग/अन्तर एवं एक आधार कोण दिया गया हो।
3. एक ऐसे त्रिभुज की बनावट जिसकी परिमिति एवं दोनों आधार कोण दिए गए हों।

इकाई—VI क्षेत्रमिति (14 घंटियाँ)

1. क्षेत्रफल (4 घंटियाँ)

- हेरॉन फर्मूला की सहायता से किसी त्रिभुज का क्षेत्रफल निकालना (बिना प्रमाण) एवं इसकी सहायता से किसी चतुर्भुज का क्षेत्रफल निकालना।
- किसी त्रिभुज के क्षेत्रफल की गणना के विभिन्न सूत्र (बिना प्रमाण हेरॉन सूत्र सहित)
- किसी चतुर्भुज का क्षेत्रफल निकालना।

2. पृष्ठ क्षेत्रफल एवं मान (10 घंटियाँ)

- घन, घनाभ, गोला, अर्धगोला, समकोणीय बेलन, समकोणीय शंकु का पृष्ठ क्षेत्रफल एवं आयतन।

इकाई—VII सांख्यिकी

सांख्यिकी (8 घंटियाँ)

- सांख्यिकी की भूमिका, आँकड़ों का संग्रह एवं प्रस्तुतीकरण (तालिकारूपी वर्गीकृत/अवर्गीकृत), दण्डालेख (Bar graph), हिस्टोग्राम (आधार की विभिन्न लम्बाइयाँ लेकर), बारम्बारता बहुभुज, आँकड़ों का गुणात्मक विवरण, संग्रहित आँकड़ों के लिए प्रस्तुतीकरण की सही विधि को चुनना, माध्य, माध्यिका एवं बहुलक (अवर्गीकृत आँकड़ों के लिए)।

इकाई (सहायक)—VIII

(क) गणितीय प्रमाण (8 घंटियाँ)

कथन क्या है? वैध गणितीय कथन; स्वयंसिद्ध/प्रमेय (axiom/postulate)—परिचित उदाहरणों के माध्यम से इनकी व्याख्या; स्वयंसिद्ध, कान्जेक्चर एवं प्रमेय में अन्तर। 'प्रमाण' की अवधारणा, समझ एवं इसकी प्रकृति यथा— प्रमाणों की निगमन (Deductive) प्रकृति, उनकी मान्यताएँ, परिकल्पनाएँ (Hypothesis) एवं तार्किक व्याख्याएँ (logical arguments), तथा प्रमाण-लेखन। अंकगणित, बीजगणित एवं ज्यामिति के विभिन्न परिणामों का उपयोग करते हुए प्रमाणों की निगमन प्रकृति का चित्रण, प्रमाण एवं सत्यापन में अन्तर। सत्यापनों के कुछ उदाहरण जो गलत निष्कर्षों तक पहुँचाते हैं। किसी कथन को गलत प्रमाणित करने का अर्थ एवं प्रति-उदाहरण (counter-example)।

(ख) गणितीय मॉडल से परिचय (7 घंटियाँ)

गणितीय मॉडल (Model) की अवधारणा। पूर्व कक्षाओं में हल की गई समस्याओं की समीक्षा एवं मॉडल बनाने में उनका उपयोग। गणितीय मॉडलिंग (Modelling) के उद्देश्य एवं विस्तृत स्तरों पर इनकी चर्चा, यथा—वास्तविक जीवन की परिस्थितियाँ, परिकल्पनाओं का समावेश, उपयुक्त मॉडल का निर्धारण, समकक्ष गणितीय समस्याओं का हल निकालना, निष्कर्षों का विश्लेषण एवं वास्तविक-जीवन में उनकी विवेचना एवं मॉडलों की वैधता। अनुपात, समानुपात एवं प्रतिशत से समुचित उदाहरण प्रस्तुत किए जाएँ।

(ग) गणितज्ञों की जीवनी

पाइथागोरस एवं आर्किमिडीज की संक्षिप्त जीवनी एवं कुछ महत्वपूर्ण योगदान।

कक्षा X

इकाई की क्रम संख्या	उपविषय	मुख्य बिन्दु	बिन्दुवार निर्धारित अंक
I	संख्या पद्धति	वास्तविक संख्या	10
II	बीजगणित	बहुपद दो चर में रैखिक युगपद समीकरण द्विघात समीकरण अंकगणित आवृत्ति	20
III	त्रिकोणमिति	त्रिकोणमितीय अनुपाद त्रिकोणमितीय तादात्म्य ऊँचाई और दूरी	20
IV	नियामक ज्यामिति	नियामक ज्यामिति	10
V	ज्यामिति	त्रिभुज वृत्त बनावट	20
VI	क्षेत्रमिति	समतल क्षेत्र का क्षेत्रफल पृष्ठों का क्षेत्रफल एवं आयतन	10
VII	सांख्यिकी एवं प्राथमिकता	सांख्यिकी प्राथमिकता सहायक पाठ	10

इकाई–I संख्या पद्धति

1. वास्तविक संख्या [12 घंटियाँ]

$\sqrt{2}, \sqrt{3}$ एवं $\sqrt{5}$ वास्तविक संख्या, परिमेय संख्याओं का सांत एवं असांत आवर्त्ती दशमलव निरूपण, वास्तविक संख्या का निरपेक्ष मान युक्लिड की विभाजन उपपत्ति (युक्लिड डिविजन लेमा) अंकगणित का मूलभूत सिद्धांत

इकाई–II बीजगणित

1. बहुपद (6 घंटियाँ)

बहुपद के शून्यक, बहुपद के शून्यक एवं गुणांकों में संबंध, (द्विघात बहुपद के विशेष संदर्भ में) विभाजन पद्धति (Division algorithm) की ऐसी समस्याएँ जिनके सभी गुणांक वास्तविक हों।

2. दो चर में रैखिक युगपद समीकरण (12 घंटियाँ)

दो चर वाले रैखिक युगपद समीकरण का परिचय, हल और उनका ज्यामितीय निरूपण। विरोधी एवं अविरोधी समीकरणों का निकाय। सह समीकरणों के हल की बीजीय विधि/युगपद समीकरणों को हल

करने की चार बीजीय विधियाँ—(1) तुलनात्मक विधि (2) प्रतिस्थापन विधि (3) लुप्तीकरण विधि (4) वज्रगुणन विधि/युगपत् रैखिक समीकरणों के हल की तीन शर्तें—(1) अद्वितीय हल (2) अनगिनत हल (3) कोई हल नहीं।

3. **द्विघात समीकरण (12 घंटियाँ)**

द्विघात समीकरण का मानक रूप $ax^2 + bx + c = 0; a \neq 0$; द्विघात समीकरण को हल करने की विधियाँ—(i) गुणनखंड निकाल कर (ii) वर्ग पूरा करके (iii) सूत्र के प्रयोग से/विवेचक एवं मूलों का संबंध, इन सूत्रों का प्रयोग करते हुए दैनिक समस्याओं का समाधान

4. **समान्तर श्रेढ़ी (Arithmetic Progression) (8 घंटियाँ)**

परिभाषा एवं nवाँ पद तथा प्रथम पद से nवाँ पद का योग ज्ञात करने के लिए मानक सूत्र

इकाई–III त्रिकोणमिति

1. **त्रिकोणमितीय अनुपात (10 घंटियाँ)**

समकोणीय त्रिभुज के न्यूनकोणों का त्रिकोणमितीय मान/उनके आस्तित्व का प्रमाण एवं अनुपातों की समझ/0° और 90° का त्रिकोणमितीय मान/30°, 45° और 60° का त्रिकोणमितीय मान प्रमाण के साथ/त्रिकोणमित्तीय मान का आपसी संबंध।

2. **त्रिकोणमितीय तादात्म्य (6 घंटियाँ)**

$\sin^2 A + \cos^2 A = 1$ का प्रमाण तथा प्रयोग। कोटीपूरक कोणों की त्रिकोणमितीय निष्पत्तियाँ।

3. **ऊँचाई और दूरी (8 घंटियाँ)**

ऊँचाई और दूरी से संबंधित व्यावहारिक समस्याएँ। उन्नयन एवं अवनमन कोण (सिर्फ 30°, 45° और 60°) पर आधारित साधारण समस्याएँ

इकाई–IV नियामक ज्यामिति

नियामक ज्यामिति (12 घंटियाँ)

नियामक ज्यामिति का द्विविमीय परिचय,रैखिक समीकरण का आलेख, द्विघात बहुपद का ज्यामितीय निरूपण। दो बिन्दुओं के बीच की दूरी तथा सेक्सन सूत्र (आन्तरिक), त्रिभुज का क्षेत्रफल।

इकाई–V ज्यामिति

1. त्रिभुज (15 घंटियाँ)

1. (सिद्ध करना) : त्रिभुज की किसी भुजा के समानांतर यदि कोई सरल रेखा खींची जाए तो वह अन्य दो भुजाओं को समानुपाती खंडों में विभाजित करती है।
2. (सिद्ध करना) : यदि कोई सरल रेखा किसी त्रिभुज की दो भुजाओं को समान अनुपात में विभाजित करती है तो वह रेखा तीसरी भुजा के समानांतर होगी।
3. (सिद्ध करना) : यदि एक त्रिभुज के दो कोण दूसरे त्रिभुज के दो कोणों के क्रमशः बराबर हो, तो दोनों त्रिभुज समरूप होंगे एवं भुजाएँ समानुपाती होंगी।
4. (सिद्ध करना) : यदि दो त्रिभुजों की भुजाएँ क्रमानुसार समानुपाती हो तो त्रिभुज के तदनुरूपी कोण बराबर होते हैं अर्थात् वे त्रिभुज समरूप होंगे।

5. (सिद्ध करना) : यदि दो त्रिभुजों में एक कोण दूसरे त्रिभुज के एक कोण के बराबर हो और बराबर कोणों की तदनुरूपी भुजाएँ समानुपाती हों तो वे त्रिभुज समरूप होंगे।
6. (सिद्ध करना) : किसी समकोण त्रिभुज में यदि समकोण से कर्ण पर लंब खींचा जाये तो उसके दोनों ओर के त्रिभुज पूरे त्रिभुज के साथ समरूप होंगे और आपस में भी समरूप होंगे।
7. (सिद्ध करना) : समरूप त्रिभुज के क्षेत्रफल संगत भुजाओं के वर्ग के समानुपाती होते हैं।
8. (सिद्ध करना) : पाइथोगोरस का साध्य एक समकोण त्रिभुज के कर्ण का वर्ग, अन्य दो भुजाओं के वर्गो के योग के बराबर होता है।
9. (सिद्ध करना) : अगर किसी त्रिभुज की एक भुजा पर का वर्ग शेष दो भुजाओं पर के वर्गो के योग के बराबर हो, तो उन दोनों भुजाओं से बना हुआ कोण समकोण होगा।

2. वृत (8 घंटियाँ)

1. (सिद्ध करना) : वृत की स्पर्श रेखा स्पर्श-बिन्दु से होकर जाने वाली त्रिज्या पर लंब होती है।
2. (सिद्ध करना) : किसी बाह्य बिन्दु से वृत पर खींची गई दो स्पर्श रेखाओं की लंबाई बराबर होती है।
3. (सिद्ध करना) : यदि दो वृत एक दूसरे को स्पर्श करें तो उनके दोनों केन्द्र एवं स्पर्श बिन्दु एक ही रेखा पर रहते हैं।
4. (सिद्ध करना) : कोई सीधी रेखा वृत को स्पर्श करती है तो स्पर्शज्या और मिलन बिन्दु से होकर जाने वाले चाप द्वारा बना कोण वैकल्पिक खण्ड में बने हुए कोण के बराबर होता है।

3. बनावट (7 घंटियाँ)

1. दिए गए अनुपात में किसी सरल रेखा का विभाजन
2. किसी बाह्य बिन्दु से वृत्त पर स्पर्श रेखा खीचना
3. दिए गए नाप के समरूप त्रिभुज खींचना।

इकाई–VI क्षेत्रमिति

1. समतल क्षेत्र का क्षेत्रफल (15 घंटियाँ)

वृत्त का क्षेत्रफल, त्रिज्या खण्ड एवं वृत्त खण्ड का क्षेत्रफल, वृत्त के क्षेत्रफल एवं उसकी परिधि से संबंधित व्यावहारिक प्रश्न (केवल $60°$, $90°$ एवं $120°$ के वृत्तीय कोणों पर आधारित), त्रिभुज, वृत्त एवं चतुर्भुजों के आपसी संबंध पर आधारित प्रश्न

2. पृष्ठों का क्षेत्रफल एवं आयतन (12 घंटियाँ)

(i) घन, घनाभ, गोला, अर्द्धगोला, बेलन, शंकु, इत्यादि के संयोग से बनी विभिन्न आकृतियों का पृष्ठ क्षेत्रफल एवं आयतन।
(ii) विभिन्न आकृतियों का आपसी रूपान्तरण एवं उनके आयतन और पृष्ठ क्षेत्रफल पर आधारित मिश्रित प्रश्न।

इकाई–VII सांख्यिकी एवं प्रायिकता (Statistics and Probability)

1. सांख्यिकी (8 घंटियाँ)

संग्रहित आँकड़ों का मध्य, माध्यिका और बहुलक/संचयी बारंबारता आलेख/(द्विबहुलकों को छोड़कर)

2. प्रायिकता (5 घंटियाँ)

प्रायिकता की परिभाषा, एकल घटना पर आधारित साधारण समस्या (समुच्चय प्रतीकों का प्रयोग नहीं)।

इकाई (सहायक)–VIII

(क) गणितीय प्रमाण (8 घंटियाँ)

कथन, प्रमाण एवं तार्किक चर्चा (logical arguments) की अवधारणा। अंकगणित, बीजगणित एवं ज्यामिति से प्राप्त सरल परिणामों का उपयोग करते हुए 'निगमन प्रमाण' एवं पूर्ण व्याख्याओं सहित चित्रण। दिए गए तथ्यों का प्रयोग करते हुए निष्कर्ष तक पहुँचना। विलोम कथन, नकारात्मक कथन एवं परिणामों/कथनों का नकारात्मक स्वरूप।

(ख) गणितीय मॉडल (7 घंटियाँ)

सरल उदाहरणों का उपयोग करते हुए एवं अवरोधों (constraints) सहित/रहित उनका मॉडल बनाना। मॉडल द्वारा औसत, किस्तों में भुगतान (साधारण ब्याज युक्त) एवं आगे का मूल्य (अंकगणितीय श्रेढ़ी AP में)।

(ग) गणितज्ञों की जीवनी

वराहमिहिर एवं रामानुजम की संक्षिप्त जीवनी एवं कुछ महत्वपूर्ण योगदान।

(नोट : इस इकाई से तत्काल माध्यमिक वार्षिक परीक्षा में प्रश्न सम्मिलित नहीं किए जाएँगे, परंतु भविष्य में इस खंड को परीक्षा में सम्मिलित किया जा सकता है।)

6. अपेक्षित अधिगम

- संख्या रेखा पर प्राकृतिक संख का निरूपण कर सकेंगे।
- सांत एवं असांत आवर्ती दशमलव संख्या को जान सकेंगे।
- वास्तविक संख्या को जान सकेंगे।
- बहुपद के शून्य एवं गुणांकों के विषय में जान सकेंगे।
- बीजगणितीय व्यंजक एवं तादात्म्यों की जानकारी प्राप्त करेंगे एवं दैनिक समस्याओं का हल निकाल सकेंगे।
- एक चरवाले एवं दो चरवाले समीकरण के हल के विषय में जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।
- बट्टा, शेयर एवं लाभांश जैसे दैनिक उपयोग में गणित का प्रयोग कर सकेंगे।
- नियामक ज्यामिति एवं समतल ज्यामिति का विभेद समझ सकेंगे।
- भारत में ज्यामिति के प्रयोग एवं विस्तार को जान सकेंगे।
- दो या दो से अधिक रेखाखण्ड के विभिन्न प्रकार के आपसी संबंध को जान सकेंगे।
- त्रिभुजाकार आकृति, घन, घनाभ, गोला, अर्धगोला, समकोणीय बेलन, समकोणीय शंकु के पृष्ठों का क्षेत्रफल, आयतन एवं उनके आपसी संयोग से बने क्षेत्रों की गणना कर सकेंगे।
- प्राप्त आँकड़े के औसत, माध्य, माध्यिका का गणना करते हुए उसका विश्लेषण करेंगे जिसकी सहायता से चुनाव, फसल की पैदावार इत्यादि आँकड़ों का विश्लेषण संभव हो सकेगा।
- पासा या सिक्का फेंकने पर होने वाली सम्भावना की गणना कर सकेंगे।

7. शिक्षक-दक्षता

- पढ़ाये जाने वाले विषय की इकाईवार योजना बनाएँगे, सहायक सामग्री का समुचित संग्रह करेंगे तथा उनका कुशलता पूर्वक प्रयोग करेंगे।
- विषय से संबंधित विद्यार्थियों के अनुभव को जानने के पश्चात् उन्हें नए ज्ञान का महत्व समझाएँगे।
- नए ज्ञान की प्रस्तुति इस प्रकार की जाएगी जिससे विद्यार्थी अपने क्रियाकलापों में उस ज्ञान का प्रयोग करने के लिए प्रेरित हों।

- दलगत भावना एवं लिंग भेद से ऊपर उठते हुए समाज के विभिन्न मुद्दों से संबंधित अधिकाधिक उदाहरण प्रस्तुत करेंगे जिनमें गणित का प्रयोग होता है।
- कृषि, वर्षा, जनसंख्या, शिक्षा प्रचार, यातायात, सुरक्षा आदि क्षेत्रों में गणित के प्रभावशाली प्रयोग की चर्चा करेंगे।
- गणित का अन्य विषयों के साथ संबंध बतलाएँगे तथा गणित के विभिन्न उपविषयों के आपसी संबंध पर प्रकाश डालेंगे।
- अवलोकन शक्ति के विकास के लिए कक्षा में गणित की सहायक सामग्री/मॉडल इत्यादि का अधिकाधिक प्रयोग करेंगे।
- गणितीय भाषा एवं उनके सटीक प्रयोग पर बल डाला जाएगा।
- विचार में तार्किक क्रमद्धता एवं विश्लेषण करने की क्षमता के विकास को प्राथमिकता दी जाएगी।
- तथ्यों के ज्ञान, समझ, विश्लेषण के साथ-साथ उनका नई परिस्थिति में कुशलतापूर्वक प्रयोग करने के लिए छात्रों को प्रोत्साहित करेंगे।
- विषय वस्तु का ज्ञान स्पष्ट कराने के लिए गणित शिक्षक पाठ के सभी प्रश्नों का हल अनिवार्य रूप से करवाएँगे।
- गणित विषय में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन करेंगे जिसमें गणितज्ञों की जीवनी, खोज एवं गणित के विभिन्न प्रयोगों से संबंधित प्रश्न रहेंगे।
- बच्चे सामान्यतः किन-किन बिन्दुओं पर किस प्रकार की गलतियाँ करते हैं, इसकी चर्चा प्रत्येक पाठ के साथ की जाएगी जिससे गलतियों की पुनरावृत्ति से बचा जा सके।
- अभ्यास के महत्त्व को देखते हुए शिक्षक अधिकाधिक पाठ्यसामग्रियां एवं पुस्तकों का सहारा लेंगे।
- पढ़ाये गए पाठ की नियमित पुनरावृत्ति करेंगे।
- छात्रों की वैयक्तिक भिन्नता एवं कुशलता के आधार पर गणितीय क्रियाकलापों एवं प्रश्नों का चयन किया जाएगा।
- छात्रों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का संकलन किया जाएगा जिनसे आगे की प्रस्तुति को सही दिशा दी जा सके।
- समुचित दक्षता की प्राप्ति हेतु निदानात्मक शिक्षण को व्यवहार में लाएँगे।
- सतत मूल्यांकन के लिए गणित शिक्षक छात्र के चिंतन एवं संश्लेषण-विश्लेषण सहित गृह कार्य, प्रोजेक्ट कार्य का सम्यक् अवलोकन करेंगे।
- एकाधिक विधियों से समस्याओं का हल निकालने पर छात्रों को वे प्रोत्साहित करते हुए उनका सही मूल्यांकन करेंगे।
- छात्रों के उपलब्धि-प्राप्तांकों का सांख्यिकी विश्लेषण तैयार करेंगे।
- असफल छात्रों की असफलता का कारण अंकित करेंगे एवं उनमें सुधार लाने के लिए समुचित योजना बनाते हुए उन्हें प्रयोग में लाएँगे।
- गणित कक्ष/प्रयोगशाला का रखरखाव स्वयं करेंगे एवं छात्रों से करवाएँगे।

8. पाठ्य-सामग्री का स्वरूप

इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं है कि पाठ्य-पुस्तक पाठ्यचर्या का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है। पाठ्य-पुस्तक पाठ्यचर्चा-विकास की मुख्य कार्यस्थली के रूप में जानी रही है। अतः सीखने-सिखाने तथा जीवन-निर्माण की प्रक्रिया में पाठ्य-पुस्तकों से महत्वपूर्ण अपेक्षाएँ स्वाभाविक हैं।

- पाठ्य-पुस्तकें स्थानीय परिवेश समाहित एवं पूर्व ज्ञान पर आधारित हों, उनमें यथासंभव ऐसे उदाहरण अथवा अभ्यास के प्रश्न हों जो बच्चों के परिवेश से संबंध रखते हों।
- वे बच्चों की रुचि, स्तर तथा वय के अनुरुप हों।

- पाठ-सामग्री का आकार/आयनन पाठ्यक्रम में निर्धारित समयावधि/घंटियों के अनुरूप हों।
- पाठ के व्यवहारगत उद्देश्य अंकित हो।
- पाठ स्वाभाविक आनंद-प्राप्ति की प्रक्रिया में सहयोग देनेवाले हों, जैसे—खेल, आकर्षक चित्र, गतिविधि आदि।
- विषय वस्तु से सम्बन्धित कुछ गणितज्ञों का परिचय, संक्षिप्त जीवनी चित्र सहित समाहित किया जाए।
- पाठ गतिविधि आधारित हों।
- पाठ्य-पुस्तक बच्चों को केवल तथ्यात्मक जानकारी न देकर अंतःक्रिया के अवसर देनेवाली हो।
- हर पाठ के साथ पर्याप्त तथा सुस्पष्ट शिक्षक-निर्देश हों
- एक उदाहरण से संबंधित अनेक अभ्यास हों, जिनसे बच्चों को बार-बार अभ्यास का अवसर मिले।
- पाठ्य-पुस्तक में सरल एवं सुगम शब्दों का प्रयोग अपेक्षित है।
- विषय वस्तु एवं प्रश्न विभिन्न विषयों के साथ गणित के पारस्परिक संबंध को स्पष्ट करें।
- मुद्रण सुस्पष्ट आकर्षक एवं कक्षानुसार आकार के हों
- लैंगिक समानता को बढ़ावा देने वाले चित्र एवं पाठ हों
- शिक्षण-अधिगम-सामग्री निर्माण एवं प्रयोग हेतु स्पष्ट निर्देश हों
- शिक्षकों को नवाचार हेतु छूट एवं एतदर्थ प्रोत्साहन हो
- पाठों के स्वरूप-निर्माण में वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपेक्षित हों
- विषय के साथ नैतिक मूल्यों का सही तालमेल हो
- भिन्न-भिन्न भाषाओं में पाठ्य-पुस्तक का निर्माण एवं समुचित वितरण हो
- पूरक-पाठय-पुस्तक का पर्याप्त मात्रा में निर्माण हो
- पुस्तकें ऐसी हों, जिनमें शिक्षक की भूमिका सिर्फ एक प्रेरक की तरह हो तथा बच्चों का कौशल-विकास स्वतः हो।
- विषय विशेष का शब्द-कोश तैयार हो, जिससे पुस्तक को परिभाषाओं और विभिन्न प्रकार की सूचनाओं के बोझ से बचाया जा सके तथा शिक्षक को विभिन्न प्रत्ययों (कंसेप्ट्स) की समझ पर बल देने का अधिकाधिक मौका मिल सकें।
- पुस्तकों में लिंग-भेद, विशेष आवश्यकतावाले बच्चों का समावेश तथा संवैधानिक मूल्य आदि चिंताओं पर ध्यान देने की आवश्यकता है।
- नयी तरह की पाठ्य-पुस्तकें बनाने के प्रयास में शिक्षकों की सहायक पुस्तिका की भी व्यवस्था हो।
- सामग्री ऐसी हो ताकि बच्चों को स्वयं एवं सहपाठियों के साथ काम करने के अवसर मिल सकें।
- पुस्तकों का परीक्षण (ट्रायल) ग्रामीण विद्यालयों में भी हों।
- पुस्तकों की समीक्षा विद्यालय/संकुल/प्रखण्ड संसाधन केन्द्र स्तर भी होनी चाहिए।
- बच्चों की रुचि बढ़ाने हेतु पाठ्य पुस्तकों में विभिन्न गणितीय खेलों एवं रुचिकर हलों का समावेश हो।
- हर पाठ के अंत में पाठ से संबंधित संकेतों/कठिन शब्दों का एक शब्द-कोश हो। साथ ही पाठ का सारांश यथा—'याद रखने योग्य बातें' भी दिया जाय।

♣

5. विज्ञान

1. प्रस्तावना

विद्यालय स्तर पर छात्रों के पूर्ण-परिभाषित संज्ञात्मक विकास, उनमें तार्किकता एवं वस्तुपरकता की सम्प्राप्ति के लिए विज्ञान विषय का शिक्षण अपरिहार्य है। यह एक साथ खोजी प्रवृत्ति, सृजनशीलता, रचनात्मकता, यर्थाथवादिता, अनुशासनप्रियता, मौलिकता, प्रायोगिकता एवं सौंदर्यबोध की क्षमता को पल्लवित-पुष्पित एवं सम्पोषित करता है।

प्रारंभिक स्तर तक विज्ञान-शिक्षण की अवधारणा में छात्रों को निरीक्षण, परीक्षण, विश्लेषण, आँकड़ों का संग्रह, सारणीकरण, ग्राफ बनाना एवं चित्रांकन जैसी शिक्षण-युक्तियों के अधिकाधिक उपयोग का अवसर दिया गया है। परन्तु माध्यमिक स्तर के किशोर अत्याधिक खोजी और सजग होते हैं; उपलब्ध वैज्ञानिक ज्ञान को तर्क की कसौटी पर परखते हों। अतएव तार्किकता, वस्तुपरकता एवं प्रायोगिकता को केन्द्र बिंदु में रखकर इस सोपान के लिए पाठ्यक्रम में आधारभूत मूर्त अवधारणाओं के साथ अणु, परमाणु, पदार्थ का निर्माण, मोल की समझ, गुरुत्वाकर्षण जैसी अमूर्त धारणाओं का समावेश किया गया है।

माध्यमिक स्तर पर भी विज्ञान को भौतिकी, रसायन और जीवविज्ञान के रूप में अलग-अलग विषयों के रूप में नहीं रखा गया है तथापि शिक्षण प्रक्रिया में इन विषयों की विशिष्टताओं एवं विशिष्ट तर्क-पद्धति पर ध्यान देने की आवश्यकता होगी। इस स्तर के पाठ्यक्रम में निम्नलिखित मुख्य प्रकरणों को शामिल किया गया है—

I भोजन
II पदार्थ—प्रकृति एवं व्यवहार
III सजीवों का संसार
IV वस्तुएँ कैसे कार्य करती है
V गतिमान वस्तुएँ, व्यक्ति एवं उनके विचार
VI प्राकृतिक घटनाएँ एवं प्रकृति संसाधन

यहाँ एह प्रयास किया गया है कि पाठ्यक्रम में बहुत ज्यादा प्रकरण सम्मिलित नहीं किये जाएँ। बल्कि, दिये गये प्रकरणों को ही अपेक्षित विस्तार से बनाने का प्रयास किया जाए।

2. माध्यमिक स्तर पर विज्ञान शिक्षण के उद्देश्य :—

इस स्तर पर विज्ञान विषय का उद्देश्य :

किशोरों में स्वयं सीखने और खोजी प्रवृत्ति की भावना एवं तर्कशक्ति का विकास करना तथा आपस में मिलजुलकर सीखने की प्रवृत्ति विकसित करना

सीखने की प्रक्रियाओं, यथा—अवलोकन, विभेदीकरण, वर्गीकरण, मापन, प्रयोग आदि सीखने की प्रक्रिया में अनुप्रयोग की दक्षता विकसित करना

पाठ्यक्रम की संबद्ध अवधारणाओं की समझ विकसित करना

कार्य और कारण में संबंध स्थापित करना तथा वैज्ञानिक चेतना (Scientific temper) विकसित करना

निर्णय लेने की क्षमता का विकास

प्राकृतिक संसाधनों के विवेकपूर्ण व्यवहार तथा संरक्षण की समझ विकसित करना

विज्ञान के इतिहास की जानकारी छात्रों को हो ताकि वे समझ सके कि विज्ञान सामाजिक व्यवहार की ही उपज है।

3. पाठ्यक्रम संरचना

विज्ञान IX (लिखित)

समय—$2\frac{1}{2}$ घंटे

अंक—80

प्रकरण	
1. भोजन	10
2. पदार्थ की प्रकृति एवं प्रवृत्ति (behaviour)	20
3. सजीवों का संसार	15
4. गतिमान वस्तुएँ, बल एवं कार्य	25
5. प्राकृतिक संसाधन	10
प्रायोगिक	10
प्रोजेक्ट (assesment)	10

प्रयोग 10 अंकों तथा प्रोजेक्ट 10 अंकों के होंगे।

3.1. प्रकरण : भोजन (FOOD)

मुख्य अवधारणाएँ (Key concept)	सम्बद्ध अवधारणाएँ (Related Subconcept)	संसाधन (Resources)
1	2	3
→पौधे और जन्तुओं के जनन (Breeding)	→उन्नत जनन (Improved Breeding)	→किसी उन्नत फार्म/डेयरी/ मत्स्यपालन स्थल का परिभ्रमण।
→जनन की गुणवत्ता-सुधार के तरीके	→गुणवत्ता (Quality) का अर्थ-बोध	→कीट और बीमारियों से ग्रसित पौधों एवं उनके अंगों का प्रदर्शन एवं विश्लेषण।
→फसलों का कीट एवं रोगों से बचाव		→पास पड़ोस के किसी कम्पोस्ट का अवलोकन और विद्यालय में कम्पोस्ट-निर्माण का अभ्यास
→उर्वरक एवं खाद का उपयोग	→उर्वरकों के उपयोग में सावधानी और अधिक उपयोग से होने वाली हानि	
→ऑरगेनिक फार्मिंग	→पर्यावरण संतुलन को बनाये रखने में साहयक— • स्वास्थ्य, पेड़-पोधों पर कोई कुप्रभाव नही • जैविक कचरों का पुनः-उपयोग।	→उन्नत जन्तुओं, फसलों के चार्ट और उनका अवलोकन।

मुख्य अवधारणाएँ (Key concept)	सम्बद्ध अवधारणाएँ (Related Subconcept)	संसाधन (Resources)
➔खाद्य प्रसंस्करण (Food Processing) एवं खाद्य सुरक्षा		➔सामान्य एवं उन्नत जन्तुओं, फसलो की पहचान एवं वर्गीकरण (चार्ट के आधार पर) ➔उन्नत बीजों का संग्रह और सामान्य बीजों से उनकी तुलना। ➔संभव हो तो किसी खाद्य भंडार का अवलोकन।

3.2. प्रकरण : पदार्थ/सामग्री (Matter/Materials)

मुख्य अवधारणाएँ (Key concepts)	संबद्ध अवधारणायें (Related concepts)	संसाधन और गतिविधियाँ (Resources and Activities)
• सभी वस्तुएँ स्थान धारण करती हैं और उनमें संहति होती है।	• कणाद की परमाणु-अवधारणा।	• वाष्पीकरण के कारण ठंढापन का व्यावहारिक अनुभव। • काली वस्तु सफेद वस्तु की अपेक्षा अधिक ऊष्मा अवशोषित करती हैः प्रायोगिक अनुभव।
• पदार्थ की परिभाषा—	• समान शब्दावली, जैसे—पदार्थ, सामग्री, वस्तु की समझ।	
• ठोस, द्रव और गैस के लक्षण—आकार, आयतन, घनत्व।		ठोस, द्रव और गैस के लक्षणों में अंतर का प्रयोग द्वारा अनुभव।
• पदार्थ की अवस्था में परिवर्तन—द्रवण, जमना, वाष्पीकरण, संघनन, उर्ध्वपातन।		• विभिन्न पदार्थों का अध्ययन—उनकी बनावट, उनके रंग, उनकी चमक, उनकी कठोरता, (उन पर वायु, जल और ऊष्मा के प्रभाव के आधार पर)
• तत्व, यौगिक और मिश्रण।		• मिश्रण के अवयवों के पृथक्करण का प्रायोगिक प्रदर्शन।
• समांगी और विसमांगी मिश्रण।		• कपूर (Camphor,) ammonium chloride और naphthalene पर ऊष्मा के प्रभाव का प्रायोगिक प्रदर्शन।
• कोल्वायॅड्स (colloids) और निलंबन (suspensions)।		
• किसी पदार्थ का x ग्राम रसायनतः किसी दूसरे पदार्थ के x ग्राम के समतुल्य नहीं होता है।		

मुख्य अवधारणाएँ (Key concepts)	संबद्ध अवधारणायें (Related concepts)	संसाधन और गतिविधियाँ (Resources and Activities)
• पदार्थ की कणीक प्रकृति (particle nature of matter), मूल इकाई (Basic units): अणु और परमाणु।		• परमाणु के सूक्ष्मतम कणों 'इलेक्ट्रॉन, प्रोटॉन और न्यूट्रॉन' के अनुभव हेतु रदरफोर्ड के प्रयोग संबंधी चार्ट का प्रदर्शन।
• स्थिर अनुपात का नियम।		
• आणविक और परमाणविक संहतियाँ।		
• मोल की अवधारणा		• मोल पर आधारित सरल प्रश्नों का छात्रों द्वारा हल करना।
• कण की संहति और संख्या के साथ मोल का संबंध। Relationship of mole to mass of the particles and numbers)		• फ्लैश कार्ड द्वारा कुछ रासायनिक यौगिकों के निर्माण (सृजन) का प्रदर्शन या एतद् संबंधी खेल का आयोजन।
• सामान्य यौगिकों के रासायनिक सूत्र		
• परमाणु के सूक्ष्मतम कण— इलेक्ट्रॉन, प्रोटॉन और न्यूट्रॉन।		
• विभिन्न परमाणुओं में उपस्थित इलेक्ट्रॉन, प्रोटॉन और न्यूट्रॉन की संख्या में भिन्नता।		
• संयोजकता, संयोजी तथा कोर इलेक्ट्रॉन		
• समस्थानिक और समभारिक एवं आइसोटोन।		

3.3. प्रकरण : सजीवों का संसार (The World of Living)

मुख्य अवधारणायें (Key concepts)	संबद्ध अवधारणायें (Related concepts)	संसाधन एवं गतिविधियाँ (Resources and activities)
• पौधे और जन्तुओं की विविधता : मौलिक आधार और वैज्ञानिक नामकरण, वर्गीकरण के आधार, विभिन्न स्तर।		• निकट परिवेश के पौधों और जन्तुओं का अवलोकन।
• पौधों के मुख्य (Major) समूह (groups) (थैलोफाइटा, ब्रायोफाइटा, टेरीडोफाइटा, जीमनोस्पर्म और एंजीओस्पर्म)		• दुर्लभ पौधे और जन्तुओं के कुछ specimens—उनका प्रदर्शन और चर्चा।

मुख्य अवधारणायें (Key concepts)	संबद्ध अवधारणायें (Related concepts)	संसाधन एवं गतिविधियाँ (Resources and activities)
• जन्तुओं के मुख्य समूह (अकेशेरुकी, अरीढ़धारी) फाइलम (संघ), केशेरूकी (रीढ़धारी) में		
• कोशिका जीवन की आधारभूत इकाई है : Prokaryotic and eukaryotic cell		• कोशिका का स्लाइड—इसका माइक्रोस्कोप द्वारा अवलोकन। • मानव शरीर का मॉडल • दूरस्थ वातावरण में उपलब्ध पौधे और जन्तुओं के फोटोग्राफ/चार्ट।
• बहुकोशीय जीव (organism)		
• कोशिका झिल्ली और कोशिका भित्ति		• प्याज की झिल्ली तथा गाल की खुरचन में कोशिका का अवलोकन।
• कोशिका अंगक—क्लोरोप्लास्ट, माइट्रोकांड्रिया, रिक्तिका (), ई० आर० इन्डोप्लाज्मिक रेटीकुलम ()		
• गोल्जी समूह : नाभिक, क्रोमोजोम—मूल संरचना, संख्या		• स्वास्थ केन्द्र का परिभ्रमण और वहाँ के लोगों से बीमारियों के संबंध में बातचीत।
• कोशिकाओं एवं उनके वातावरण के बीच पदार्थों का आदान-प्रदान, पोषण, जल एवं भोजन के परिवहन, उत्सर्जन, गैसीय आदान-प्रदान में भूमिका।		
• उत्तक अंग, अंग पद्धति, जीव (व्यष्टि)		
• पौधे और जन्तु उत्तकों की संरचना और कार्य		
• हेल्थ एण्ड इट्स फेल्यूर		
• बीमारियाँ और उनके कारण		
• सूक्ष्म जीव तथा उनसे (माइक्रोब्स) होनेवाली बीमारियाँ और उनके रोकथाम—टाइफाइड, डायरिया, मलेरिया, हेपेटाइटिस, रैबीज HIV, AIDS, TB, पोलियो, (पल्सपोलियो कार्यक्रम)।		• Bacteria के फोटोग्राफ एवं स्लाइड • समय/स्थान विशेष में फैली बीमारी की सूचनाएँ—अखबार समाचार की कटिंग और उसका वाचन।

3.4. प्रकरण : गतिमान वस्तुएँ, लोग और विचार (Moving things, People and Ideas)

मुख्य अवधारणा (Key Concepts)	संबद्ध अवधारणा (Related Concepts)	संसाधन एवं गतिविधियाँ (Resources and Activities)
• गति : विस्थापन।		• समान और असमान गति का व्यावहारिक प्रदर्शन।
• वेग : समान और असमान (एक सीधी रेखा में)।		• समान गति और समान त्वरित गति के लिए दूरी-समय और वेग-समय ग्राफ का प्रदर्शन और चर्चा।
• त्वरण।		• किसी वस्तु की गति की स्थिति पर बल के प्रभाव पर दैनिक जीवन से संबंधित घटनाओं और दृष्टांतों पर चर्चा।
• समान और समान त्वरित गति के लिए दूरी-समय और वेग-समय ग्राफ।		
• ग्राफिकल विधि द्वारा गति के समीकरण।		
• समान वृत्तीय गति का सामान्य ज्ञान।		
• बल और गति।		
• न्यूटन का गति-नियम।		• बल के प्रयोग से किसी गतिमान वस्तु का दिशा-परिवर्तन का प्रदर्शन।
• पिंड का जड़त्व, जड़त्व और संहति, संवेग, बल और त्वरण, संवेग के संरक्षण का सिद्धान्त (सामान्य ज्ञान), क्रिया-प्रतिक्रिया बल।		• विभिन्न वस्तुओं को ऊपर उछालकर उनके नीचे गिरने के कारण का विश्लेषण। • कमानीदार तुला से संहति और भार की माप—व्यावहारिक प्रदर्शन।
• गुरुत्वाकर्षण, गुरुत्वाकर्षण के सर्वव्यापी नियम, गुरुत्व (पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण बल), गुरुत्व के कारण त्वरण,संहति और भार, स्वतंत्र रूप से गिरते हुए (Free fall)। पिंड		• आनततल पर गिरती वस्तु की गति का अवलोकन।
• बल के द्वारा संपादित कार्य, ऊर्जा, शक्ति, गतिज और स्थितिज ऊर्जा, ऊर्जा संरक्षण का नियम।		• पेंडुलम प्रयोग का प्रदर्शन और चर्चा।

मुख्य अवधारणा (Key Concepts)	संबद्ध अवधारणा (Related Concepts)	संसाधन एवं गतिविधियाँ (Resources and Activities)
• दाब एवं प्रणोद (Thrust and pressure) आर्कमिडिज-सिद्धान्त, प्लवन, आपेक्षिक घनत्व का सामान्य ज्ञान।		• जल में तैरती और डूब जानेवाली वस्तुओं का प्रदर्शन और चर्चा।
• ध्वनि की प्रकृति और इसका विभिन्न माध्यमों में अभिगमन, ध्वनि-वेग, मानव में सुनने का दायरा, अल्ट्रासाउंड, ध्वनि का परावर्तन, प्रतिध्वनि और सोनार, मानव-कान की रचना (मात्र सुनने की प्रक्रिया संबंधित)		• ध्वनि के परावर्तन संबंधी प्रयोग प्रदर्शन। • मानव-कान की संरचना का प्रदर्शन।

3.5. प्रकरण : प्राकृतिक संसाधन (Natural Resources)

मुख्य अवधारणा (Key Concepts)	संबद्ध अवधारणा (Related Concepts)	संसाधन एवं गतिविधियाँ (Resources and Activities)
V. रोजगार और सेवाएँ	• भारतीय एवं बिहार की अर्थव्यवस्था में सेवा क्षेत्र का महत्त्व-रोजगार सृजन के रूप में सेवाओं की भूमिका। • भारत-विश्व को सेवा प्रदाता के रूप में। • सेवा क्षेत्र के विस्तार एवं विकास के लिए बुनियादी सुविधा एवं शिक्षा की भूमिका।	• शिक्षार्थियों के अन्दर रोजगार सृजन की प्रक्रिया की समझ पैदा करना • रोजगार के सृजन में सेवा क्षेत्र की भूमिका की जानकारी देना • सरकार द्वारा इस क्षेत्र में विनियोग क्यों किया जा रहा है—इसकी समझ स्थापित करना	• प्रश्नोत्तरी एवं व्याख्यान विधि द्वारा • द्विपक्षीय प्रश्नोत्तरी विधि
VI. वैश्वीकरण	• वैश्वीकरण क्या है? • भारत में वैश्वीकरण क्यों? • 1991 से पहले वैश्वीकरण का इतिहास, • राज्य नियंत्रित उद्योग • 1991 का आर्थिक सुधार • वैश्वीकरण एवं आम आदमी	• छात्रों को यह समझाना कि वैश्वीकरण उन्हें किस तरह प्रभावित कर रहा है।	• प्रश्नोत्तरी एवं व्याख्यान विधि द्वारा • उदाहरण रीति

इकाई	पाठ्यक्रम	उद्देश्य	क्रियाशीलन
VII. उपभोक्ता जागरण	• उपभोक्ता जागरण • उपभोक्ता शोषण के कारण • उपभोक्ता संरक्षण एवं इसमें सरकार की भूमिका • आर्थिक शोषण के संदर्भ में मानवाधिकार आयोग का महत्त्व	• उपभोक्ता के रूप में अपने अधिकार एवं कर्त्तव्यों की जानकारी साथ ही शोषण से रक्षा के लिए वैधानिक उपायों की जानकारी	• मिडिया का उदाहरण देकर कुछ संबंधित प्रश्न पूछकर • व्याख्यान विधि द्वारा • वृतचित्र

इकाई—V आपदा प्रबंधन

1. सुनामी
2. सुरक्षित निर्माण
3. जीवन रक्षक कौशल
4. आपदा काल में वैकल्पिक संचार-व्यवस्था (Communication system)
5. आपदा और सहअस्तित्व।

शिक्षण विधि

समाज विज्ञान शिक्षण के लिए पाठ्यपुस्तक शिक्षण विधि के अतिरिक्त वाद-विवाद पद्धति, प्रायोजना कार्य, स्थल-भ्रमण, मानचित्र का संग्रह एवं विश्लेषण, ऐतिहासिक वस्तुओं का संग्रह आदि उपयोगी विधि है। परन्तु वाद-विवाद पद्धति इसके लिए सर्वाधिक उपयोगी होगी।

इसके अतिरिक्त प्रश्नोत्तर की पद्धति भी ज्यादा प्रभावी साबित हो सकती है। साथ में चार्ट, नक्शा, अखबार की कतरन आदि भी प्रभावी शिक्षण में मददगार होंगे।

शिक्षण में प्रोजेक्टर, दृश्य एवं श्रव्य माध्यमों का उपयोग ज्यादा फलदायी होगा।

अधिगम प्रतिफल

समाजविज्ञान के माध्यमिक स्तर के शिक्षण के उपरान्त छात्र ज्ञान, समझ, सूचनाएँ और कौशल से संपन्न होंगे जिससे समाज के विकास की प्रक्रिया समझने, वर्तमान-स्वरूप का चित्रण करने और यथार्थ व गुण-दोष का विवेचन करने में वे सक्षम होंगे। उन्हें अपनी ऐतिहासिक विरासत, वर्तमान की भू-पर्यावरणीय समस्याएँ सत्ता के स्वरूप और आर्थिक अन्तः क्रियाओं की पूर्ण जानकारी होगी और उनके व्यक्तित्व का विस्तार होगा। समाज में फैली बुराइयों के विरुद्ध जनमत बनेगा, ऐतिहासिक विरासत का संरक्षण होगा, प्रजातांत्रिक मूल्यों की जड़ें मजबूत होंगी; साथ ही, आर्थिक गतिविधियाँ का विस्तार होगा। समाज में समरसता, सहयोग एवं संवाद बढ़ेगा तथा उन्नति का नया मार्ग प्रशस्त होगा। नागरिक के रूप में समाज निर्माण में वे सक्रिय भागीदारी करेंगे और वास्तविक समस्याओं से अपने को जुड़ा महसूस कर मिलजुल कर पहल करेंगे। इस तरह हम जिम्मेदार, जबावदेह एवं आदर्श नागरिक बना पाएँगे।

परिशिष्ट—I

मूल्यांकन की अवधारणा

- अवधारणा के आधार पर विकास की जाँच मूल्यांकन है।
- सीखने की प्रक्रिया में इसका उद्देश्य उत्तीर्ण करना नहीं होकर उन बिंदुओं की पहचान करना है, जहाँ प्रक्रिया, रवैये एवं प्राथमिकताओं में बदलाव या फिर से जोर (पुनर्बलन) देना आवश्यक हो।
- इस प्रकार, प्रत्येक मूल्यांकन के बाद उपचारात्मक शिक्षण आवश्यक है। इसके तीन स्तर हैं—

  (i) कक्षा

  (ii) समूह (आवश्यकता आधारित)

  एवं (iii) व्यक्ति
- सतत व्यापक मूल्यांकन और उपचारात्मक शिक्षा साथ-साथ चलनेवाली प्रक्रिया है। अन्य परीक्षाओं (सावधिक) के साथ भी उपचारात्मक शिक्षण को जोड़ना होगा। इसका एक तरीका अगली कुछ कक्षाओं का इसी प्रयोजन से उपयोग करना हो सकता है। फिर भी, व्यक्ति और खास समूह के लिए अलग-से व्यवस्था करनी होगी। उपचारात्मक शिक्षण की सफलता ही मूल्यांकन को सही अर्थ दे सकती है।
- मूल्यांकन में ज्ञान की जाँच से कम महत्त्व अभिरुचि, स्वाध्याय की प्रवृत्ति, किसी विशेष विषय के प्रति रुझान और भाषा के स्तर पर समझ में आने लायक बनावट की ठीक-ठीक पहचान का नहीं है। यदि इस आधार पर सीखनेवालों का समूह बनाया जाय—उनका वर्गीकरण किया जाय तो विकास को एक दिशा दी जा सकती है। सह शैक्षिक क्षेत्रों का मूल्यांकन करते समय इन बिंदुओं पर ध्यान रखा जाना चाहिए।
- सीखने की प्रक्रिया में मूल्यांकन की जो भूमिका है, समाज की दृष्टि में इससे बिलकुल अलग रूप और भूमिका के प्रति आग्रह हो सकता है। नौकरियों में चयन का आधार जब परीक्षाओं/स्पर्द्धाओं के प्राप्तांक हों, तो वर्तमान परीक्षा-प्रणाली को एकदम से नकारा नहीं जा सकता।
- मूल्यांकन की ऐसी पद्धति विचार का विषय बनी हुई है, जिससे छात्रों को तनाव या त्रास का अनुभव न हो, जो न्याय करनेवाली और पारदर्शी हो। चूँकि किसी मूल्यांकन-पद्धति का एक पक्ष शिक्षक भी है, उसे भी ध्यान में रखा जाना चाहिए। ऐसा न हो कि तनाव और त्रास छात्र से हटकर शिक्षक पर प्रभावकारी हो जायँ।
- सतत और व्यापक मूल्यांकन की पद्धति को इस ढंग से विश्लेषित और लागू करने की जरुरत है कि उसकी गुणवत्ता का पूरा लाभ मिल सके। इस मूल्यांकन में चाहे 20% अंक ही देना हो, प्रभाव की दृष्टि से इसमें परखने और नतीजे निकालने का महत्त्व छात्र की पूरी विकास-प्रक्रिया में उल्लेखनीय और निर्णायक है। इसलिए इसकी कार्यविधि इतनी सरल होनी चाहिए जो शिक्षक के लिए सहज स्वीकार्य हो।
- अंक और ग्रेड में मूल्यांकन की उपयोगिता का विचार करते समय बहुधा शिक्षक की बात—उसकी अभिरुचि और निष्पक्षता की बात भी होती है। उन्मुखीकरण-आयोजनों/प्रशिक्षण-कार्यक्रमों/संकुल- प्रशिक्षण के क्रम में शिक्षकों की प्रवृत्ति मूल्यांकन के प्रति अनुकूल बनाने की कोशिश होनी चाहिए। यह ध्यान रखने की बात है, कि पद्धति कोई हो, उसके लाभ संबंधित पक्षों के सकारात्मक योगदान पर ही निर्भर करते हैं। यदि ज्ञान का

क्षेत्र और स्वरूप 21वीं शती के परिदृष्य के अनुकूल बनाया जा रहा है, तो सीखने की प्रक्रिया और उसके संचालक/सूत्रधार शिक्षकों का प्रशिक्षण भी उसके अनुसार ही बनाना होगा।

- जहाँ तक ग्रेड और अंक की बात है, ग्रेड देने में सुविधा भी है और निष्पक्ष दिखाई देने की सहूलियत भी। किसी छात्र को 74 और किसी अन्य को 73 अंक देने पर औचित्य समझाने की साँसत भी ग्रेड देने पर नहीं होती। फिर भी, अंक जितना साफ-साफ बोलते हैं, ग्रेड तो वैसा करने से रहे। इसके बावजूद एक शिक्षक की सुविधा के विचार से ग्रेड-पद्धति अपनायी जानी चाहिए। हाँ, कक्षा में स्थान का निश्चय तो अंक से ही संभव है।

सतत एवं व्यापक मूल्यांकन का अर्थ है—

- स्कूल की आंतरिक मूल्यांकन व्यवस्था में छात्र-विकास के सर्वांगीण पक्षों पर ध्यान।
- मूल्यांकन की निरंतरता और नियतकालिकता।
- निर्देशों के आरंभ में छात्र का मूल्यांकन—स्थापन मूल्यांकन।
- निर्देश-प्रक्रियाओं में परीक्षण की विविध तकनीकों का उपयोग करते हुए अनौपचारिक मूल्यांकन।
- निर्दिष्ट मानकों का उपयोग और मूल्यांकन के विविध तकनीकों का उपयोग करते हुए अवधि के अंत में किये गये कार्यों का मूल्यांकन।
- शैक्षिक और सह-शैक्षिक विषयों से सम्बन्धित कार्यों और गतिविधियों का मूल्यांकन।
- शैक्षिक क्षेत्र के अन्तर्गत पाठ्यक्रम के विषयक क्षेत्र और सह-शैक्षिक क्षेत्र के अन्तर्गत अन्य शैक्षणिक गतिविधियाँ, व्यक्तिगत और सामाजिक गुण, अभिरुचि, प्रवृत्ति और नैतिक मूल्यबोध आदि समाहित हैं। इसके अन्तर्गत सौंदर्यबोधात्मक मूल्यबोध भी आ जाते हैं।
- शैक्षिक क्षेत्र की जाँच के दौरान औपचारिक एवं अनौपचारिक तथा नियतकालिक और निरंतर मूल्यांकन आ जाते हैं।
- सह-शैक्षिक क्षेत्रों के अन्तर्गत मूल्यांकन के संकेतित मानकों के आधार पर विविध तकनीकों का उपयोग करते हुए मूल्यांकन किया जाता है।
- शैक्षिक एवं सहशैक्षिक क्षेत्र के अंतर्गत आनेवाले बिंदुओं का प्रपत्र इस प्रकार होगाः

(अ) शैक्षिक क्षेत्र

स्तर	कक्षाएँ	प्रक्रियाएँ/तकनीक	साधन	आवर्तन एवं अभिलेखन	प्रतिवेदन
उच्च प्राथमिक	IX–X	—मौखिक —लिखित —प्रायोगिक	—मौखिक प्रश्न —प्रश्न पत्र —प्रदत्त कार्य —कार्य योजना —निदानात्मक जाँच —क्रियाकलाप प्रयोग	—इकाई अनुसार —मासिक —अवधि अनुसार —जाँच के बाद अभिलेखन	पूर्ण श्रेणीकरण

(ब) सह शैक्षिक क्षेत्र

क्रम संख्या	सह पाठ्यक्रम क्रियाकलाप	नैतिक मूल्य एवं प्रवृत्ति समाहित व्यक्तिगत सामाजिक गुण
IX–X	विविध	
	1. प्राथमिक चिकित्सा/योग 2. रेड क्रॉस 3. बालचर कर्म (स्काउटिंग) 4. बागवानी 5. राष्ट्रीय कैडेट कोर 6. राष्ट्रीय सेवा योजना 7. साहसिक क्रियाकलाप 8. अन्य अभिरुचियाँ	

♣

मूल्यांकन की प्रक्रिया

(क) भाषा एवं साहित्य

प्रस्तुत पाठ्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य भाषा के चारों कौशलों का समेकित विकास करना है। किन्तु निश्चित समय–सीमा निर्धारित कर औपचारिक परीक्षा द्वारा चारों कौशलों एवं उप–कौशलों का मूल्यांकन व्यावहारिक रूप से अत्यंत दुरूह है। अतः वर्ग X की बोर्ड परीक्षा 100 अंकों की लिखित परीक्षा ही होगी। **किन्तु** वर्ग IX में औपचारिक स्तरांत परीक्षा के साथ–साथ सतत व्यापक मूल्यांकन पर बल दिया जाएगा। इस वर्ग में मूल्यांकन की इस समेकित प्रक्रिया में इस प्रकार अंक–भार निश्चित किये गये हैं :

क्र0	मूल्यांकन	अंक भार
1.	सतत् मूल्यांकन	**60%**
	• अभिव्यक्ति / वार्त्तालाप कौशल	20%
	• प्रयोजना कार्य	20%
	• औपचारिक जाँच	20%
2.	स्तरांत परीक्षा	**40%**

सतत मूल्यांकन एवं स्तरांत परीक्षा में अलग–अलग उत्तीर्णांक प्राप्त करना वांछनीय होगा। सतत मूल्यांकन एवं स्तरांत परीक्षा–दोनों मिलाकर कम से कम 30% अंक प्राप्त करनेवाले शिक्षार्थी को अगली कक्षा में प्रोन्नत किया जा सकता है।

1. सतत मूल्यांकन :

सतत मूल्यांकन में सर्वाधिक ध्यान 'श्रवण' (सुनने) और 'वाचन' (बोलने) पर दिया जाएगा, क्योंकि विविध व्यावहारिक कठिनाइयों के कारण इनका समावेश अभी औपचारिक जाँच पद्धति में संभव नहीं। किन्तु इन्हें उपेक्षित भी नहीं किया जा सकता, क्योंकि ऐसा करने पर शिक्षार्थी की अभिव्यक्ति या संप्रेषण की दक्षता का समुचित विकास नहीं हो सकेगा। अतएव 'सुनने' एवं 'बोलने' की दक्षता का समुचित मूल्यांकन सुनिश्चित करने के लिए इसे सतत मूल्यांकन का सर्वप्रमुख अंग बनाने की आवश्यकता है।

सतत मूल्यांकन की दूसरी महत्त्वपूर्ण इकाई प्रयोजना कार्य–सहित अन्य वर्ग कार्य या गृहकार्य होंगे जो शिक्षार्थी के स्वतंत्र एवं रचनात्मक चिन्तन का विकास सुनिश्चित करेंगे।

ध्यातव्य है कि शिक्षार्थी की उपलब्धि के सतत मूल्यांकन की प्रक्रिया वर्ग एवं विद्यालय की विविध गतिविधियों द्वारा पूरे सत्र में जारी रहेगी। ये गतिविधियाँ औपचारिक भी हो सकती है, किन्तु सुनने एवं बोलने के कौशलों के मूल्यांकन के लिए यह आवश्यक है कि अधिक अंकभार अनौपचारिक गतिविधियों को दिया जाये। सतत मूल्यांकन की सभी इकाइयों के लिए अंकों का विभाजन एवं अंकभार निम्नवत् होंगे :

संवाद–दक्षता, वाद–विवाद, समूह चर्चा इत्यादि	20%
प्रदत्त कार्य	20%
औपचारिक कार्य	20%
कुल :	**60%**

2. संवाद दक्षता (20%)

वार्त्तालाप संबंधी दोनो दक्षताओं अर्थात् श्रवण एवं वाचन का सम्पूर्ण मूल्यांकन अनौपचारिकरूपया औपचारिक रूप से (10 अंक) या दोनों के समेकित रूप में (10 अंक) किया जा सकता है।

अ) **अनौपचारिक मूल्यांकन (20% या 10%)** : पाठ अध्यापन के क्रम में जहाँ–जहाँ शिक्षार्थियों के लिए परिचर्चा, भूमिका निभाने (अभिनय), चर्चा करने या अपना–अपना दृष्टिकोण रखने की आवश्यकता होगी, संबंधित शिक्षक इन गतिविधियों का संचालन करेंगे एवं प्रत्येक शिक्षार्थी की सहभागिता का ध्यान से अवलोकन करेंगे। यह प्रक्रिया पूरे सत्र तक चलती रहेगी। कौशलों के अंतरण के मूल्यांकन के लिए नीचे दिए गए स्केल का प्रयोग करते हुए शिक्षार्थी को 0 से 10 तक अंक प्रदान किये जा सकते हैं। नीचे दिए गए स्केल में अंक 1,3,5,7,9 के लिए स्केल दिया गया है। इस आधार पर 3 एवं 5 के बीच आनेवाले शिक्षार्थी को 4 अंक प्रदान किया जा सकता है। इसी प्रकार स्केल 0 से अधिक दक्षतावाले शिक्षार्थी को दक्षतानुसार अधिकतम 10 अंक तक प्रदान किये जा सकते हैं। मूल्यांकन के इस स्केल की जानकारी शिक्षार्थियें को सत्र के प्रारंभ में ही दे दी जानी चाहिए।

कौशलों के अंतरण का मूल्यांकन

श्रवण (सुनना)	वाचन (बोलना)
• विद्यार्थी में परिचित संदर्भों में प्रयुक्त शब्दों और पदों को समझने की सामान्य योग्यता तो है, किन्तु आशय को सम्बद्ध रूप में नहीं समझ पाता।	• शिंक्षार्थी में मात्र शब्दों और पदों के प्रयोग की योग्यता तो है, किंतु वह उन्हें सुसम्बद्ध रूप में बोल नहीं पाता।
• लघु–लघु संबद्धों को परिचित संदर्भों में समझने की योग्यता है।	• परिचित संदर्भों में मात्र लघु–लघु संबंद्ध कथनों को सीमित शुद्धता के साथ प्रयोग करता है।
• परिचित या अपरिचित– दोनों प्रकार के संदर्भों में कथित सूचना को स्पष्टतः समझने की योग्यता तो है किंतु भाषागत अशुद्धियाँ भी हैं, जो भावाभिव्यक्ति में अवरोध उपस्थित करती हैं।	• लघु की अपेक्षा दीर्घ भाषण में अधिक जटिल कथनों के प्रयोग की योग्यता लक्षित होती है किंतु संप्रेषण या अभिव्यक्ति में अवरोधक कुछ अशुद्धियाँ भी पायी जाती है।
• दीर्घ कथनों की श्रृंखला को पर्याप्त शुद्धता से समझता है और निष्कर्ष निकाल सकता है	• अपरिचित स्थितियों में विचारों को तार्किक ढंग से संगठित का धारा–प्रवाह प्रस्तुत कर सकता है। कुछ अशुद्धियों के बावजूद सम्प्रेषण निर्बाध रहता है।
• उद्देश्य के अनुकूल सुनने की कुशलता के साथ जटिल कथनों के विचार–बिंदुओं की समझ है।	• नगण्य अशुद्धियों से युक्त प्रसंग और श्रोता– दोनों के अनुरूप भाषण–शैली का प्रमाण देता है।

ब) औपचारिक जाँच परीक्षा (10%) : संवाद दक्षता के लिए अनौपचारिक मूल्यांकन ही बेहतर है, किन्तु यदि किसी विद्यालय की ऐसी इच्छा है तो वह 10 अंकों की औपचारिक जाँच व्यवस्था भी कर सकता है; किन्तु ऐसी औपचारिक जाँच केवल सत्रांत में ही ली जाएँगी। औपचारिक जाँच समूह–अन्तर्वार्त्ता के रूप में ली जाएगी। 4–5 शिक्षार्थियों का एक समूह होगा। प्रत्येक समूह बारी–बारी से दिए गए विषय पर परिचर्चा करेगा। रटंत शिक्षा को हतोत्साहित करने के लिए, परिचर्चा प्रारंभ करने के सिर्फ 10 मिनट पूर्व परिचर्चा के विषय को बताया जाएगा। परिचर्चा के दौरान विषय–शिक्षक अपने किसी सहकर्मी शिक्षक के साथ प्रत्येक शिक्षार्थी की सहभागिता एवं प्रवीणता का अवलोकन करेंगे एवं कौशलों के अंतरण के मूल्यांकन स्केल के अनुसार प्रत्येक शिक्षार्थी को अंक प्रदान करेंगे। संबंधित विद्यालय को प्रत्येक शिक्षार्थी की अलग–अलग अन्तर्वार्त्ता लेने का भी विकल्प रहेगा, जिसके अन्तर्गत वाद–विवाद एवं भाषण प्रतियोगिता करायी जा सकती है।

स) प्रदत्त कार्य (20%)

पाठ–सामग्रियों पर आधारित कई गतिविधियों को सतत मूल्यांकन के लिए उपयुक्त प्रदत्त कार्य के रूप में चिह्नित किया जा सकता है। ये प्रदत्त कार्य प्रयोजना (Project) कार्य के रूप में भी हो सकते हैं। इन प्रदत्त कार्यों में शिक्षार्थी के प्रदर्शन का अभिलेख रखा जाएगा एवं इस कार्य में उसके प्राप्तांक को स्तरांत के कुल प्राप्तांक में जोड़ा जाएगा। इन प्रदत्त कार्यों के लिए 20 अंक निर्धारित किये गये हैं।

चूँकि वाचन–दक्षता का मूल्यांकन लिखित कार्य द्वारा नहीं किया जा सकता, अतः इस दक्षता की जाँच प्रमुख रूप से संवाद–दक्षता के अंतर्गत की जाती है। पठन दक्षता का मूल्यांकन पाठ से संबंधित ऐसी गतिविधियों से किया जा सकता है जिनमें लेखन–कार्य यथा नोट बनाने, टेबल बनाने या सारांश लिखने आदि की आवश्यकता पड़ती है। यह देखते हुए कि ये प्रदत्त कार्य श्रवण/पठन–दक्षता के मूल्यांकन के लिए हैं, शिक्षार्थी को इसी आधार पर अंक प्रदान किया जाना चाहिए कि वे सुनकर अथवा पढ़कर विषयवस्तु को कितना समझ पाते हैं। ऐसे प्रदत्त कार्यों में शिक्षार्थी के अंकों में विराम चिन्हों, हिज्जे या व्याकरण संबंधी गलतियों के लिए कटौती नहीं की जानी चाहिए। बोधगम्यता निर्धारण के लिए मूल्यांकन स्केल की आवश्यकता नहीं।

द) लेखन कौशल का मूल्यांकन :

शिक्षार्थी की भाषिक दक्षता के समग्र मूल्यांकन का यह एक महत्त्वपूर्ण एवं अभिन्न अंग है। अतएव अधिकांश प्रदत्त लेखन–कौशल को ध्यान में रखकर दिए जाएँगे।

प्रदत्त कार्यों में प्रत्येक वर्ष भिन्नता होनी चाहिए। शिक्षक पूरे वर्ष के प्रदत्त कार्यों/गृहकार्यों/वर्गकार्यों का अभिलेख रखेंगे एवं शिक्षार्थी के प्राप्तांक को (20 अंकों में) स्तरांत परीक्षा के अंक के साथ जोड़ेंगे। वर्ग नवम की स्तरांत परीक्षा का अंकभार 40% होगा।

ख) अन्य अनिवार्य विषय :

भाषा के अतिरिक्त गणित, विज्ञान एवं समाज विज्ञान में सतत एवं व्यापक मूल्यांकन की अनिवार्यता अब विवादास्पद नहीं है। इसकी आवृत्ति से एक तरफ छात्रों की उपलब्धि का कुछ काल के अन्तराल पर पता चलता रहता है, नियमित अध्ययन की अभिप्रेरणा मिलती है, अधिगम के कमजोर बिन्दुओं की पहचान के साथ उनका निदान भी संभव हो पाता है। दूसरी तरफ इसमें सम्मिलित युक्तियाँ मूल्यांकन को व्यावहारिक जीवन से निकट–संबंध का बोध कराती हैं जिसकी परिणति के रूप में छात्र अपने जीवन का निर्माण कर पाने में उपलब्ध ज्ञान का सहजता से उपयोग कर पाते हैं। ये युक्तियाँ निम्नांकित हो सकती है–

(i) प्रयोजना कार्य
(ii) प्रायोगिक कार्य
(iii) गतिविधि द्वारा मूल्यांकन
(iv) प्रदत्त कार्य
(v) जाँच
(vi) समूह वार्त्ता
(vii) भाषण/व्याख्यान

व्यावहारिक कठिनाई के कारण बोर्ड की परीक्षा में तात्कालिक तौर पर केवल विज्ञान में प्रयोग को सम्मिलित किया गया है, परन्तु विद्यालय स्तर पर मूल्यांकन की समेकित व्यवस्था में अंक–भार निम्न रूप में निश्चित किये जा सकते हैं –

1. सतत मूल्यांकन–	60% [30%+30%]
(क) प्रायोगिक/प्रयोजना–	20%
(ख) गतिविधि द्वारा मूल्यांकन– (ग) प्रदत्त कार्य–	20%
(घ) औपचारिक जाँच–	60%
2. स्तरांत परीक्षा–	40%

विज्ञान के लिए प्रायोगिक कार्य होगा जबकि सामाजिक विज्ञान/गणित के लिए प्रयोजना की युक्ति अपनायी जायेगी। गणित में गतिविधि आधारित मूल्यांकन अपनाया जाए जबकि समाज विज्ञान में प्रयोजना एवं प्रदत्त कार्य की युक्ति ज्यादा कारगर होगी। यदि विज्ञान विषय में केवल प्रायोगिक परीक्षा सम्मिलित की जाती है तो उसमें निर्धारित अंक का 50% प्रयोगों से जुड़े प्रश्नों के लिए रखा जाएँ। ये प्रश्न लिखित हों या मौखिक पर वस्तुनिष्ठ हों।

प्रयोगों का चयन/प्रयोजना कार्यों का चयन, प्रदत्त कार्य एवं आयोजित गतिविधि पाठ्यक्रम से संबंधित होनी चाहिए। इनके चयन में स्थान, काल एवं व्यावहारिक होने की संभावना का पूरा ध्यान रखा जाएगा। लिखावट में त्रुटि या भाषायी अशुद्धि के लिए दण्डित नहीं किया जाए। प्रत्येक

विद्यार्थी के लिए अलग अभिलेख संधारित किया जाए और अंतिम परीक्षाफल में अंकभार का समतुल्य अंक प्रदान किया जाए।

5. औपचारिक प्रश्नोत्तर प्रणाली :

आज की तिथि में छात्र की उपलब्धि के स्तर को ज्ञात करने के लिए औपचारिक लिखित परीक्षा की विधि सर्वाधिक प्रचलित है। यह पद्धति कितनी कारगर और कितनी उपयुक्त है, यह अलग मुद्दा है, परन्तु मूल्यांकन में पारदर्शिता एवं वस्तुनिष्ठता के कारण अधिक लोकप्रिय है। फिर भी, कुछ मौलिक प्रश्न हैं जिनपर शीघ्र ध्यान दिया जाना अति आवश्यक है। जैसे– प्रश्न का स्वरूप यानि प्रश्न कैसे पूछे जाएँ ? चूँकि विद्यालय और बोर्ड स्तर की सामान्य परीक्षाएँ अधिगम स्तर की जानकारी के लिए होती है न कि चयन के लिए, अतः प्रश्नों का स्वरूप विषयवस्तु की ओर आमंत्रित करता हुआ हो अर्थात् प्रश्न में स्पष्ट झलक मिलनी चाहिए कि प्रश्न किस प्रकरण से और किस प्रसंग से है। प्रश्नों की रचना में भाषा और भाव की स्पष्टता हो एवं वे मानकीकृत हों। पुनः उनका स्पष्ट उत्तर हो।

अतः यह अपेक्षा प्रासंगिक है कि विद्यालय की परीक्षा में प्रश्नों के चयन में उपर्युक्त तथ्यों पर ध्यान दिया जाए। यह जरूरी नहीं कि विद्यालय स्तर की परीक्षा के लिए केन्द्रीकृत व्यवस्था के तहत प्रश्न–पत्र तैयार किया जाएँ। विद्यालय स्तर पर भी प्रश्न–बैंक विकसित किया जा सकता है। बेहतर तो यह होगा कि इकाई समाप्ति पर विषय–शिक्षक छात्रों को पुस्तकों की सहायता से प्रश्न तैयार करने को कहें और प्राप्त प्रश्नों का संकलन, संपादन और मानकीकरण के बाद प्रश्न–बैंक तैयार किया जाए।

*****

शैक्षणिक कैलेण्डर एवं प्रगति पत्रक

सामयिक आवश्यकता को ध्यान में रखकर विभाग द्वारा निम्नलिखित निर्णय लिये गये हैः

- शैक्षणिक सत्र 01 अप्रैल, 2007 से प्रारंभ होना है। यह व्यवस्था सत्र 2007–08 से लागू है।
- सामान्यतः शहरी क्षेत्र के विद्यालय प्रातः 8:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक चलेंगे और ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालय प्रातः 9:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक चलेंगे।
- शैक्षिक कैलेण्डर का अनुपालन अनिवार्य होगा।
- वर्ष में तीन सावधिक परीक्षाएँ होंगी। सतत एवं नियमित मूल्यांकन-प्रणाली व्यवहार में लाई जएगी। विद्यालय के वार्षिक परीक्षाफल का निर्धारण सभी सावधिक परीक्षाओं के प्राप्तांकों के औसत पर होगा।
- सुविधानुसार शिक्षकों के साथ अभिभावकों की बैठकें नियत अंतराल पर संबंधित विद्यालयों में होंगी।
- विद्यालय में वार्षिक दिवस समारोहपूर्वक मनाया जाएगा जिसमें शैक्षिक एवं सह शैक्षिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करने की व्यवस्था होगी।
- प्रत्येक माह के अंतिम कार्य दिवस में प्राचार्य और सहायक शिक्षक आपस में शैक्षिक गुणवत्ता के उत्तरोत्तर विकास की समीक्षा करेंगे एवं इसके लिए अपेक्षित कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करेंगे।
- छात्र-छात्राओं की रचनात्मक प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करने के लिए उनकी हस्त-कलाकृतियों तथा वैज्ञानिक निर्मितियों की एक प्रदर्शनी शैक्षिक-सत्र के अंत में लगाई जाएगी।
- पहले से प्रचलित सत्रह-सूत्री कार्यक्रमों से सभी परिचित हैं किंतु जिनको व्यवहारिक रूप देना अपेक्षित है।
- प्रतिदिन चेतना सत्र (प्रार्थना) के समय प्रेरणादायक संकल्प लिये जाएँगे। शनिवार की अंतिम दो घंटियों में सामूहिक रूप से विभिन्न विषयों पर क्वीज, चर्चा, भाषण, गतिविधि-चित्रांकन, काव्यपाठ, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि आयोजित किये जाएँगे।

विद्यालय परिसर की वार्षिक योजना

रविवार—52 **अन्य अवकाश—60** **निरीक्षी अवकाश—03**

कार्य दिवसः

1. न्यूनतम शिक्षण दिवस	226	6. सावधिक परीक्षा	16
2. अभिभावक गोष्ठी	02	7. शैक्षिक भ्रमण	01
3. वार्षिक परीक्षाफल प्रकाशन	01	8. छात्र योग्यता प्रदर्शनी	01
4. पुरस्कार वितरण समारोह	01	9. शिक्षक दिवस	01
5. बाल दिवस	01	10. खेल-कूद प्रतियोगिता	01

माध्यमिक स्तर वर्ग IX एवं X के वर्ग शिक्षण की विषयवार साप्ताहित घंटी

सोमवार से शुक्रवार—

1. भाषा (हिन्दी + संस्कृत-उर्दू + अंग्रेजी)	14 घंटी (5 + 4 + 5)
2. गणित	06 घंटी
3. विज्ञान (सैद्धांतिक) + प्रायोगिक	06 घंटी + 02 घंटी
4. सामाजिक विज्ञान	06 घंटी
5. अनिवार्य ऐच्छिक विषय	04 घंटी
6. किशोरावस्था शिक्षा/सफाई/पर्यावरण/संगीत/खेल-कूद	01 घंटी
7. पुस्तकालय	01 घंटी
	कुल : 40 घंटी

शनिवार—

8. वर्ग शिक्षण	02 घंटी
9. शारीरिक शिक्षा/योगा	01 घंटी
10. छात्र संसद/समूह चर्चा	02 घंटी
	कुल : 05 घंटी
	कुल : (40 + 5) = 45 घंटी

प्रतिदर्श दैनिक समय-सारणी

क्र०सं०	घंटी का समय	अवधि	कुल अवधि	अभियुक्ति
1.	09:00 प्रातः	09:00–09:30	30 मिनट	चेतना सत्र*
2.	09:30	09:30–10:15	45 मिनट	छात्र/छात्रा की उपस्थिति तत्पश्चात् पाठ्य-अध्ययन
3.	10:15	10:15–10:50	35 मिनट	दूसरी घंटी
4.	10:50	10:50–11:25	35 मिनट	तीसरी घंटी
5.	11:25	11:25–12:00	35 मिनट	चौथी घंटी
6.	12:00	12:00–12:30	30 मिनट	अल्पाहार
7.	12:30	12:30–01:10	40 मिनट	पाँचवीं घंटी

8.	01:10	01:10–01:45	35 मिनट	छठी घंटी
9.	01:45	01:45–02:20	35 मिनट	सातवीं घंटी
10.	02:20	02:20–02:55	35 मिनट	आठवीं घंटी
11.	02:55	02:55–03:00	05 मिनट	राष्ट्रगान एवं समापन

*चेतना सत्र में प्रांगण की सामूहिक सफाई/अभियान गीत/प्रार्थना/समाचारपत्र वाचन/महत्त्वपूर्ण एवं विशिष्ट सूचनाएँ तथा संकल्प शामिल होंगे।

द्रष्टव्य :

- सत्र अप्रैल माह से प्रारंभ होकर अगले वर्ष के मार्च तक चलेगा। अप्रैल के प्रथम सप्ताह में शिक्षकों के बीच विद्यालय के आंतरिक विभाग का वितरण हो जाए।
- सावधिक परीक्षाएँ क्रमशः जुलाई, नवम्बर एवं मार्च महीने में ली जाएँ।
- विज्ञान की प्रायोगिक कक्षा लगातार दो घंटियों की होगी। इसमें वर्ग-विशेष के छात्रों को तीन समूहों में बाँटकर तीनों विषयों की प्रायोगिक कक्षाएँ एक साथ चलेंगी। समूह एवं विषय का क्रम बदल कर प्रत्येक समूह को प्रत्येक विषय के प्रयोग का मौका दिया जाएगा।
- विषय शिक्षक प्रत्येक पाठ की समाप्ति के पश्चात् छात्रों की उपलब्धि की जाँच करेंगे एवं छात्रों के अधिगम स्तर में सुधार के लिए निदानात्मक शिक्षण करेंगे।
- पुस्ताकलय के लिए प्रत्येक सप्ताह एक घंटी होगी, परन्तु जिन छात्रों को उस दिन पुस्तक की लेन-देन नहीं करनी होगी, वे इको-क्लब के कार्य में सहयोग देंगे।

- प्रत्येक महीने के अंतिम कार्य दिवस को प्राचार्य के साथ शिक्षकों की समीक्षा बैठक होगी।
- पाठ्यक्रम में प्रस्तावित शिक्षण दिवस से विद्यालयों का कार्य दिवस अधिक रहता है। अधिक कार्य दिवसों में पूर्व में पढ़ाए गए पाठों का अभ्यास या पुनरावृत्ति की जाएगी।
- पाठ्यक्रम में प्रस्तावित शिक्षण दिवस में कमी लाना छात्र हित में नहीं है। यदि किसी कारणवश इस संख्या में कमी आती है तो विषय शिक्षक अपने स्तर से प्राचार्य की सहमति से अतिरिक्त कक्षा लेकर पाठ्यक्रम का शिक्षण पूर्ण करेंगे।
- गृहकार्य की जिम्मेदारी विषय-शिक्षक की होती है। वे अपने द्वारा दिये गये गृहकार्य को छात्रों द्वारा विद्यालय-डायरी में अंकित करवाएँगे एवं उक्त पृष्ठ पर अपना हस्ताक्षर करेंगे। साथ ही अगले दिन कृत गृहकार्य का अवलोकन भी करेंगे। शिक्षक एवं अभिभावक विद्यालय डायरी में अपना मंतव्य अंकित करेंगे। समय-समय पर इसका अवलोकन प्राचार्य द्वारा किया जाएगा।
- वर्ग X के सम्पूर्ण पाठ्यक्रम का शिक्षण, जाँच परीक्षा के पूर्व पूर्ण करने के लिए प्रधानाध्यापक, छात्र संसद् के लिए आवंटित घंटी के स्थान पर विषय शिक्षण की व्यवस्था संबंधित शिक्षकों की सहभागिता से सुनिश्चित करेंगे।
- पाठ्यक्रम में प्रस्तावित बिन्दुओं की चर्चा के संधारण के लिए एक 'दैनिक शिक्षण विवरणी पंजी' विद्यालय में रखी जाएगी।
- विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए छात्रों को पुरस्कृत किया जाएगा।
- विद्यालय में लिखित सावधिक परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं की जाँच यथासंभव उसी विषय के अन्य शिक्षक (विषय शिक्षक को छोड़कर) करेंगे।

- विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए चार्ट, मॉडल इत्यादि का प्रयोग, वर्ग कक्ष को सजाने के लिए किया जाएगा।
- इको-क्लब के संरक्षण में बागवानी की भी व्यवस्था रहेगी।
- शिक्षक, छात्र एवं अभिभावक के संबंध में निकटता लाने के लिए यथासंभव प्रयास किया जाएगा।
- छात्रों को स्वमूल्यांकन का अवसर प्रदान किया जाएगा।

विशेष कार्य

- दैनिक शिक्षण विवरणी पंजी में प्रत्येक शिक्षक के नाम का एक अलग पृष्ठ होगा। इस पृष्ठ में शिक्षक प्रतिदिन प्रत्येक घंटी में अपने द्वारा किए गए कार्य को अपनी लिखावट में अंकित करेंगे। कक्षा में करवाए गए कार्य, गृहकार्य, जाँच परीक्षा, उपयोग की गई सहायक सामग्री इत्यादि का अंकन भी शिक्षण विवरणी पंजी में किया जाएगा।
- एक शिक्षक अपने विषय में कुल जितने छात्रों को पढ़ाते हैं, इस संख्या से उन सभी छात्रों के लब्धांकों के योग को विभाजित कर प्रतिशत अंक की गणना की जाएगी। ऐसा अंक उस विषय के शिक्षक विशेष की शैक्षणिक कुशलता को प्रदर्शित करता है। इस तरह प्रत्येक शिक्षक को शैक्षणिक कुशलता का मूल्यांकन प्रति वर्ष किया जाएगा।

प्रधानाध्यापक से अपेक्षा

- किसी शिक्षक की अनुपस्थिति की स्थिति में अन्य शिक्षक को उनके कार्य की जिम्मेदारी पहली घंटी में ही सुनश्चित कर दी जाएगी।
- सूचना पंजी, आदेश पंजी, छात्र संसद् के कार्यक्रमों की पंजी, खेल-कूद कार्यक्रमों की पंजी, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की पंजी के साथ-साथ अभिभावकों के मंतव्य के संधारण के लिए एक अभिभावक संगोष्ठी पंजी/शिकायत पंजी का संधारण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त विभाग द्वारा चलाई जा रही अन्य योजनाओं के नियमित संचालन से संबंधित पंजियाँ भी रखी जाएँगी, जैसे—इको क्लब पंजी, रेड-रीबन पंजी इत्यादि।
- परीक्षा के कार्यक्रमों के लिए एक अलग पंजी का संधारण होगा, जिसमें प्राप्त प्रश्न-पत्रों की संख्या, उपयोग में लाई गई उत्तरपुस्तिकाओं की संख्या के साथ-साथ प्रत्येक कक्षा में पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त शिक्षकों का हस्ताक्षर अंकित होगा।
- दैनिक/साप्ताहिक/वार्षिक/कार्य योजना को मूर्त्त रूप देने में मुख्य प्रबंधक की भूमिका प्रधानाध्यापक की ही होगी।
- शिक्षक दैनिक उपस्थिति पंजी, दैनिक शिक्षण विवरणी पंजी, अनुपस्थिति विवरणी पंजी, (अनुपस्थित अथवा अवकाश में रहने वाले शिक्षक के स्थान पर अन्य शिक्षक को कक्षा कार्य की आवंटन पंजी) का संधारण प्रतिदिन किया जाएगा।
- प्रतिदिन कक्षा का निरीक्षण करना, छात्र से वार्तालाप का समय निकालना एवं समय-समय पर उनके गृह कार्य तथा कक्षा कार्य की जाँच किया जाएगा।
- विद्यालय में होनेवाले कार्यक्रमों की पूर्व सूचना देना एवं छात्र संसद् के कार्यक्रमों में स्थानीय प्रतिष्ठित व्यक्तियों को बुलाया जाएगा।
- छात्रों की उत्सुकता एवं जागरूकता को बनाए रखने के लिए शिक्षण के अतिरिक्त अन्य पाठ-सहगामी कार्यक्रमों की व्यवस्था।
- अभिभावक-गोष्ठी में स्वयं उपस्थित रहना एवं अभिभावकों के मंतव्यों को पंजी में संधारण करना एवं यथासंभव सुझावों पर अमल करना।
- परिसर में सफाई एवं अनुशासन की व्यवस्था बनाए रखना तथा तम्बाकू इत्यादि के प्रयोग पर रोक लगाना।

शिक्षकों से अपेक्षा

- समय पालन, व्यवस्था का आदर, स्वाध्याय, व्यायाम एवं स्वस्थ चिंतन शिक्षकों के स्वभाव में निहित हो।
- श्रमनिष्ठा, ध्येय के प्रति सजगता, कर्मठता, सामूहिक चिंतन, टीम भावना, व्यवहार कुशलता एवं कर्त्तव्यपरायणता शिक्षकों की पहचान हो।
- बालकों के प्रति स्नेह-श्रद्धा, अभिभावक के प्रति आत्मीय भाव एवं अन्य हितैषियों के प्रति सम्यक् दृष्टि कार्य का आधार बने।
- शिक्षक स्वयं अपने सर्वांगीन विकास की समीक्षा समय-समय पर करें और उत्तरोत्तर विकास के लिए प्रयत्नशील रहें।
- अधिगम स्तर में सुधार के लिए छात्रों को प्रोत्साहित करें।
- पाठ को शिक्षार्थियों के अनुभव एवं परिवेश से जोड़ें।
- कक्षा में मोबाइल का प्रयोग नहीं करें न होने दें।
- कक्षा में धूम्रपान, खैनी, गुटका, आदि मादक द्रव्यों का सेवन न करें।
- शिक्षण की पारदर्शिता एवं स्व-मूल्यांकन के लिए शिक्षण-विवरणी पंजी का नियमित संधारण करें।

छात्र-संसद्

छात्र-संसद् को विद्यालय गतिविधि का महत्त्वपूर्ण अंग बनाया गया है। इसमें विद्यार्थियों के व्यक्तित्त्व-विकास के साथ-साथ सह-अस्तित्त्व की परिकल्पनाओं को मूर्त्त रूप देने का प्रयास किया गया है। इस गतिविधि में जीवन स्तर में सुधार के लिए जीवन से शिक्षा को जोड़ने वाले पक्षों को प्रश्रय दिया गया है।

छात्र-संसद् के कार्यक्रमों में, छात्रों के भाषा कौशल के विकास के लिए भाषा के शिक्षक विशेष रूप से मदद करेंगे। कार्यक्रमों के विषय के आधार पर विज्ञान अथवा सामाजिक विज्ञान के शिक्षक छात्रों का दिशा निर्देशन करेंगे। छात्र-संसद् में सभी शिक्षक सम्मिलित होंगे। छात्र-ससद् का आयोजन प्रत्येक शनिवार को होगा।

किसी जयंती अथवा महत्वपूर्ण दिवस के अवसर पर यदि विद्यालय में अवकाश नही है तो उस दिन ही उस उपलक्ष्य में खास समारोह का आयोजन अंतिम दो घंटी में किया जाएगा तथा उन दो घंटियों की पढ़ाई का समायोजन आने वाले शनिवार को छात्र-संसद् के स्थान पर किया जाएगा।

विद्यालय के सभी नामांकित छात्र, छात्र-संसद् के सदस्य होते है। सामान्य संसदीय परम्परा के अनुरूप सत्र के प्रथम माह में छात्र-संसद् के मंत्रीपद का निर्वाचन होगा, जिसमें अनुशासन मंत्री (2); उपस्कर मंत्री (2); सांस्कृतिक कार्यक्रम मंत्री (2); खेलकूद मंत्री (2); जल संरक्षण मंत्री (2); ऊर्जा संरक्षण मंत्री (2); सूचना मंत्री (2); शिक्षा मंत्री (2); के साथ-साथ प्रत्येक कक्षा के मॉनिटर (2); एवं विद्यालय का एक सभापति का चुनाव छात्र-मत; शिक्षक-मत; प्राप्त पुरस्कारों की संख्या के आधार पर किया जाएगा। निर्वाचित छात्रों का शपथग्रहण-समारोह भी होगा। शपथ ग्रहण के पूर्व का छात्र-संसद्-कार्यक्रम शिक्षकों के द्वारा संचालित होगा।

पाठ-सहगामी गतिविधियाँ निम्न बिंदुओं पर केन्द्रित होंगी—

- स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं सफाई (i) यत्र-तत्र न थूकें (ii) खुले में शौच न करें इत्यादि
- हमारे अधिकार और कर्त्तव्य/हमारे राष्ट्र निर्माता
- मंत्री एवं सभापति का निर्वाचन
- शपथ ग्रहण समारोह
- एकता ही बल है/अनुशासन एवं स्वशासन
- घटती दूरियाँ/दुनिया एक गाँव

- नशा से होता है नाश
- बिहार के पर्यटक स्थल
- प्राकृतिक सम्पदा का संरक्षण
- अपने परिवेश को प्रदूषण से कैसे बचाएँ
- श्रममेव जयते (श्रम का सम्मान)
- जनबल-वरदान और अभिशाप
- सुरक्षित भविष्य के लिए जल संसाधन का संरक्षण
- विज्ञान संगोष्ठी के निर्धारित विषय पर परिचर्चा/तैयारी
- शिक्षा और स्वालम्बन/अपना काम स्वयं करें
- पर्यावरण संतुलन
- शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास में संतुलित आहार का महत्त्व
- ऊर्जा संरक्षण दिवस
- गणित एवं विज्ञान में भारत का योगदान
- एड्स दिवस/जीवन स्तर में सुधार के लिए सतर्कता
- लिंग भेद को समाप्त करने के उपाय/महिलाओं, बच्चों एवं बुजर्गों का सम्मान
- मानवाधिकार दिवस
- नववर्ष
- विवेकानन्द जयन्ती एवं पूर्ववर्त्ती छात्र-छात्राओं का मिलन समारोह
- सुभाषचन्द्र बोस एवं गुरु गोविन्द सिंह का संदेश/वर्त्तमान समय में उनकी प्रासंगिकता
- शहीद दिवस/देश प्रेम/स्वतंत्रता संग्राम की अमर कहानी

परीक्षाफल (रिपोर्ट कार्ड)

रिपोर्ट कार्ड के द्वारा छात्र की उपलब्धि का समेकित प्रस्तुतीकरण किया जाता है। महत्ता एवं विविध उपयोग के कारण प्रत्येक विद्यार्थी का रिपोर्ट-कार्ड संधारण अपेक्षित है। रिपोर्ट कार्ड का एक प्रारुप संलग्न है। इसमें व्यक्तित्व-विकास के विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए तीन क्षेत्रों में छात्र की उपलब्धि को सम्मिलित किया गया है।

1. **शैक्षिक क्षेत्र**—शैक्षिक क्षेत्र में उपलब्धि का मूल्यांकन लिखित एवं मौखिक/व्यवहारिक परीक्षा के आधार पर अंकों में होगा। वार्षिक परीक्षाफल तीनों सावधिक-परीक्षाओं के प्राप्तांकों का औसत होगा।
2. **सहगामी-पाठ्य आधारित**—संगीत, कला एवं शारीरिक शिक्षा में उपलब्धि का मूल्यांकन लिखित एवं व्यावहारिक दोनों ही तकनीकों द्वारा किया जाएगा जबकि समाजोपयोगी उत्पादन कार्य का मूल्यांकन छात्र द्वारा बनायी गयी सामग्री के आधार पर ग्रेडिंग द्वारा होगा।
3. **सह-शैक्षिक क्षेत्र**—इस क्षेत्र में मूल्यांकन में यह ध्यान रखा जाएगा कि छात्र, समाज-निर्माण में सकारात्मक योगदान कर सकें। इसमें (i) सहयोग की भावना, (ii) समय की पाबंदी, (iii) पर्यावरण संरक्षण, (iv) स्वच्छता की आदत, (v) अनुशासन, (vi) उत्तरदायित्व निर्वहन की आदतें, आदि का मूल्यांकन दैनिक अवलोकन के आधार पर रेटिंग स्केल पर किया जाएगा।

विद्यार्थी प्रगति पुस्तिका

वर्ष—200

विद्यालय का नाम ....

पता ....

विद्यार्थी का नाम ....

जन्मतिथि .... वर्ग ....

सेक्शन ....

रौल नं० ....

माता का नाम ....

पिता का नाम ....

पता ....

....

दृष्टि

श्रवण

वाचन

ब्लड ग्रूप

स्वास्थ्य परामर्श

	प्रथम	द्वितीय	तृतीय
छात्र की उपस्थिति			
वर्ग शिक्षक की अभ्युक्ति			
वर्ग शिक्षक का हस्ताक्षर			
प्रधानाध्यापक का हस्ताक्षर			
अभिभावक का हस्ताक्षर			

क्र०	विषय	प्रथम परीक्षा			द्वितीय परीक्षा			तृतीय परीक्षा			कुल प्रतिशत
		लिखित	मौखिक/ व्यावहारिक	योग	लिखित	मौखिक/ व्यावहारिक	योग	लिखित	मौखिक/ व्यावहारिक	योग	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
1	मातृभाषा										
2	द्वितीय भाषा										
3	अंग्रेजी										
4	गणित										
5	विज्ञान										
6	सामाजिक विज्ञान										
7	वैकल्पिक										
8	**कुल योग**										
9	**कुल प्रतिशत**										

सहगामी-पाठ्य आधारित			
क्षेत्र	**प्रथम**	**द्वितीय**	**तृतीय**
योग एवं शारीरिक शिक्षा			
संगीत			
कला			

सह-शैक्षिक क्षेत्र			
	प्रथम	**द्वितीय**	**तृतीय**
सफाई			
अनुशासन			
सहयोग की भावना			
समय की पाबंदी			
जवाबदेही			
पर्यावरण संरक्षण			

ग्रेड	वर्णन	प्रतिशत में
A	उत्कृष्ट	75% से ऊपर
B	बहुत अच्छा	75% से 60%
C	अच्छा	60% से 45%
D	साधारण	45% से 30%
E	सुधार की आवश्यकता	35% से नीचे

♣

प्रतिदर्श

शैक्षिक कैलेण्डर

सोमवार से शुक्रवार—

1. भाषा (मातृभाषा + द्वितीय भाषा + अंग्रेजी)	14 घंटी (5 + 4 + 5)
2. गणित	06 घंटी
3. विज्ञान (सैद्धांतिक) + प्रायोगिक	06 घंटी + 02 घंटी
4. सामाजिक विज्ञान	06 घंटी
5. अनिवार्य वैकल्पिक विषय	04 घंटी
6. किशोरावस्था शिक्षा/सफाई/पर्यावरण/संगीत/खेल-कूद	01 घंटी
7. पुस्तकालय	01 घंटी
शनिवार—	
8. वर्ग शिक्षण	02 घंटी
9. शारीरिक शिक्षा/योगा	01 घंटी
10. छात्र संसद/समूह चर्चा	02 घंटी
	कुल—45 घंटी

क्र०	घंटी का समय	अवधि	कुल अवधि	अभियुक्ति
1.	09:00 प्रातः	09:00–09:30	30 मिनट	चेतना सत्र
2.	09:30	09:30–10:15	45 मिनट	वर्ग उपस्थिति/पाठ्य-अध्ययन
3.	10:15	10:15–10:50	35 मिनट	दूसरी घंटी
4.	10:50	10:50–11:25	35 मिनट	तीसरी घंटी
5.	11:25	11:25–12:00	35 मिनट	चौथी घंटी
6.	12:00	12:00–12:30	30 मिनट	अल्पाहार
7.	12:30	12:30–01:10	40 मिनट	पाँचवी घंटी
8.	01:10	01:10–01:45	35 मिनट	छठी घंटी
9.	01:45	01:45–02:20	35 मिनट	सातवीं घंटी
10.	02:20	02:20–02:55	35 मिनट	आठवीं घंटी
11.	02:55	02:55–03:00	05 मिनट	राष्ट्रगान एवं समापन

नोट : प्रबंध समिति के निर्णय के अनुसार परिवर्तन किया जा सकता है।

April

Sun	Mon	Tue	Wed	Thu	Fri	Sat
1	2 ■	3	4	5	6 ☺	7 /
8	9	10	11	12	13 /	14 ☺
15	16	17	18	19	20	21 /
22	23 ☺	24	25	26	27	28
29	30					

May

Sun	Mon	Tue	Wed	Thu	Fri	Sat
		1 ☺	2 ☺	3 /	4	5
6	7	8	9	10	11	12 /
13	14	15	16	17	18	19 ○
20	21 ☺	22 ☺	23 ☺	24 ☺	25 ☺	26 ☺
27	28 ☺	29 ☺	30 ☺	31 ☺		

June

Sun	Mon	Tue	Wed	Thu	Fri	Sat
					1 ☺	2 ☺
3	4 ☺	5 ☺	6 ☺	7 ☺	8 ☺	9 ☺
10	11	12	13	14	15	16 /
17	18	19	20	21	22	23 /
24	25	26	27	28	29	30 ○

July

Sun	Mon	Tue	Wed	Thu	Fri	Sat
1	2	3	4	5	6	7 /
8	9	10	11 /	12	13	14
15	16	17	18	19	20	21
22	23 ✎	24 ✎	25 ✎	26 ✎	27 ✎	28
29	30	31 ○				

☺ शैक्षिक अवकाश ■ सत्रारम्भ ○ मासांत बैठक/प्रशिक्षण ▤ अभिभावक गोष्ठी एवं परीक्षाफल प्रकाशन ✎ सावधिक मूल्यांकन / वर्ग-शिक्षण एवं गतिविधियाँ

August

Sun	Mon	Tue	Wed	Thu	Fri	Sat
			1	2	3	4
5	6	7	8	9	10	11
12	13	14	15	16	17	18
19	20	21	22	23	24	25
26	27	28	29	30	31	

September

Sun	Mon	Tue	Wed	Thu	Fri	Sat
30						1
2	3	4	5	6	7	8
9	10	11	12	13	14	15
16	17	18	19	20	21	22
23	24	25	26	27	28	29

October

Sun	Mon	Tue	Wed	Thu	Fri	Sat
	1	2	3	4	5	6
7	8	9	10	11	12	13
14	15	16	17	18	19	20
21	22	23	24	25	26	27
28	29	30	31			

November

Sun	Mon	Tue	Wed	Thu	Fri	Sat
				1	2	3
4	5	6	7	8	9	10
11	12	13	14	15	16	17
18	19	20	21	22	23	24
25	26	27	28	29	30	

December

Sun	Mon	Tue	Wed	Thu	Fri	Sat
30	31					1
2	3	4	5	6	7	8
9	10	11	12	13	14	15
16	17	18	19	20	21	22
23	24	25	26	27	28	29

January

Sun	Mon	Tue	Wed	Thu	Fri	Sat
		1	2	3	4	5
6	7	8	9	10	11	12
13	14	15	16	17	18	19
20	21	22	23	24	25	26
27	28	29	30	31		

February

Sun	Mon	Tue	Wed	Thu	Fri	Sat
					1	2
3	4	5	6	7	8	9
10	11	12	13	14	15	16
17	18	19	20	21	22	23
24	25	26	27	28	29	

March

Sun	Mon	Tue	Wed	Thu	Fri	Sat
30	31					1
2	3	4	5	6	7	8
9	10	11	12	13	14	15
16	17	18	19	20	21	22
23	24	25	26	27	28	29

शैक्षिक अवकाश   सत्रारम्भ   मासांत बैठक/प्रशिक्षण   अभिभावक गोष्ठी एवं परीक्षाफल प्रकाशन   सावधिक मूल्यांकन   /वर्ग-शिक्षण एवं गतिविधियाँ

शिक्षण दिवस–226 : अभिभावक गोष्ठी–3 : परीक्षा–16 : वार्षिक खेल–1 : शैक्षिक भ्रमण–1 : प्रदर्शनी–1 : पुरस्कार वितरण–1 : शैक्षिक अवकाश–60 : निरीक्षी अवकाश–3 : अवकाश–53

क्र०सं०	तिथि	अवकाश का नाम	क्र०सं०	तिथि	अवकाश का नाम
1	06 अप्रैल	गुड फ्राइडे	16	15 से 16 अक्टूबर	ईद-उल-फितर (ईद)
2	14 अप्रैल	डॉ० भीमराव अम्बेडकर जयंती	17	17 से 23 अक्टूबर	दुर्गापूजा
3	23 अप्रैल	वीर कुँवर सिंह जयंती	18	09 से 10 नवम्बर	दीपावली
4	01 मई	मई दिवस (मजदूर दिवस)	19	15 से 17 नवम्बर	छठ पर्व
5	02 मई	बुद्ध पुर्णिमा	20	24 नवम्बर	गुरुनानक जयंती
6	21 मई से 09 जून	ग्रीष्मावकाश	21	21 दिसम्बर	ईद-उल-जोहा (बकरीद)
7	15 अगस्त	स्वतंत्रता दिवस	22	25 दिसम्बर	क्रिसमस डे
8	27 अगस्त	अंतिम श्रावणी सोमवार	23	31 दिसम्बर	वर्ष का अंतिम दिवस
9	28 अगस्त	रक्षाबंधन	24	01 जनवरी	नववर्ष
10	29 अगस्त	शबे-बरात	25	14 जनवरी	मकर संक्रांति
11	03 सितम्बर	श्रीकृष्ण जन्माष्टमी	26	28 फरवरी	चेहल्लुम
12	17 सितम्बर	विश्वकर्मा पूजा	27	06 मार्च	शिवरात्री
13	25 सितम्बर	अनंत चतुर्दशी	28	20 से 21 मार्च	होली
14	02 अक्टूबर	गाँधी जयंती	29		महावीर जयंती
15	12 अक्टूबर	रमजान का अंतिम शुक्रवार			

नोट—1. त्योहार के अनुसार अवकाश तिथि में परिवर्त्तन हो सकता है, जिसकी घोषणा बाद में की जाएगी।

2. निरीक्षण अवकाश विद्यालय स्तर पर तय किया जाएगा।

माध्यमिक परीक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण तिथियाँ

- परीक्षार्थियों का पंजीयन—15 मई से 14 जून 2007 के बीच
- परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की अवधि—दिसम्बर 2007 का तृतीय सप्ताह
- वार्षिक परीक्षा 2008 का संचालन—मार्च 2008 के प्रथम सप्ताह से तृतीय सप्ताह के बीच
- मूल्यांकन—अप्रैल 2008 के प्रथम से द्वितीय सप्ताह के बीच
- परीक्षाफल प्रकाश—मई का अंतिम सप्ताह

परीक्षा से संबंधित सामान्य अनुदेश

पाठ्यक्रम का संवर्द्धन एवं परिमार्जन एक सतत प्रक्रिया है। ज्ञान–विज्ञान, तकनीक व आर्थिक गतिविधि में नित्य नये हो रहे अनुसंधान एवं परिवर्त्तन के कारण हमारी शैक्षिक आवश्यकताएँ भी गतिशील हैं। शिक्षा ही वह मौलिक उद्योग है जो राष्ट्र निर्माण के लिए प्रशिक्षित, स्वस्थ्य एवं प्रतिबद्ध मानव संसाधन तैयार करता है। राज्य स्तर पर यह सहमति बनी है कि माध्यमिक स्तर पर पाठ्यक्रम ऐसा हो कि इस स्तर के अंत में छात्र मातृभाषा, अंग्रेजी के भाषायी कौशलों से संपन्न हो और गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान के सामान्य तथ्यों से अवगत होकर समाज–निर्माण में अपनी सार्थक भूमिका निभा सके। पाठ्यक्रम ऐसा हो कि बच्चे का विकास एक अनवरत प्रक्रिया बन सके।

इस परिप्रेक्ष्य में संशोधित एवं परिवर्तित पाठ्यक्रम निर्मित हुआ है। इसमें न केवल विषयों के चयन में महत्वपूर्ण बदलाव किये गए हैं, अपितु विषय–विशेष के प्रकरणों को परिमार्जित व परिवर्द्धित किया गया है।

परीक्षा की योजना

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की परीक्षा बाह्य परीक्षा होगी जिसमें उपलब्धि के आधार पर समिति प्रमाण–पत्र निर्गत करेगी। परीक्षा, वर्ग X के शिक्षा के उपरांत वर्ग X के ही पाठ्यक्रम के आधार पर होगी। अधिकतम अंक एवं परीक्षा की अवधि का ब्यौरा निम्नवत् है :–

क्र0सं0	विषय	प्रश्न–पत्र की संख्या	अधिकतम अंक	परीक्षा की अवधि
1	मातृभाषा (Mother Tongue)	1	100	3 घंटे
2	द्वितीय भारतीय भाषा (SIL)	1	100	3 घंटे
3	अंग्रेजी (English)	1	100	3 घंटे
4	गणित (Mathematics)	1	100	3 घंटे
5	विज्ञान (Science)	1 (लिखित)	85*	3 घंटे
6	सामाजिक विज्ञान (Social Science)	1	100	3 घंटे
7	ऐच्छिक विषय : वाणिज्य / उच्च गणित / कम्प्यूटर / गृह विज्ञान / नृत्य / संगीत / ललित कला / शारीरिक शिक्षा एवं योग** / मैथिली / अरबी / फारसी	1	100	3 घंटे

*विज्ञान में 15 अंक का बाह्य प्रायोगिक परीक्षा होगी।

**कम्प्यूटर / गृह विज्ञान / नृत्य / संगीत / शारीरिक शिक्षा एवं योग विषयों में 30 अंकों की प्रायोगिक परीक्षा होगी। ये प्रायोगिक परीक्षाएँ विद्यालय स्तर पर ही होंगी।

***ऐच्छिक विषय का पाठ्यक्रम अलग से निर्गत होगा।

विषयों के चुनाव के संबंध में विस्तृत ब्यौरा निम्नवत् है :–

1. मातृभाषा

इसके तहत तीन भाषाएँ– हिन्दी, उर्दू एवं बांगला शामिल है। इनमें किसी एक भाषा का चयन करना अनिवार्य है। इसके लिए अधिकतम 100 अंक निर्धारित है। इनके पाठ्यक्रम व पत्र क्रमशः हिन्दी (मातृभाषा), उर्दू (मातृभाषा) एवं बांगला (मातृभाषा) के नाम से दिए गए हैं।

2. द्वितीय भारतीय भाषा

इसके तहत चार भाषाएँ– संस्कृत, हिन्दी, उर्दू एवं बांगला शामिल की गईं है। इसके पाठ्यक्रम एवं पत्र संस्कृत/हिन्दी (द्वितीय)/उर्दू (द्वितीय)/बंगला (द्वितीय) नाम से दिये गये हैं। इसके लिए अधिकतम 100 अंक निर्धारित हैं।

3. अंग्रेजी–

यह अनिवार्य पत्र है। इसमें सम्मिलित होना अनिवार्य है। इसके लिए अधिकतम 100 अंक निर्धारित हैं। अनुत्तीर्णता का प्रभाव परीक्षाफल पर नहीं पड़ेगा।

4. गणित

यह अनिवार्य पत्र है। इसके लिए अधिकतम 100 अंक निर्धारित है।

5. विज्ञान

यह पत्र–जिसमें भौतिकी, रसायन एवं जीव विज्ञान के प्रकरण सम्मिलित हैं। इसके लिए अधिकतम 100 अंक निर्धारित हैं, जिसमें 85 अंक की लिखित व 15 अंकों की प्रायोगिक परीक्षा आयोजित होगी।

6. सामाजिक विज्ञान

यह अनिवार्य पत्र है, जिसमें इतिहास, भूगोल, राजनीति शास्त्र, अर्थशास्त्र व पर्यावरण व आपदा प्रबंधन के प्रकरण सम्मिलित हैं। इसके लिए भी अधिकतम 100 अंक निर्धारित हैं।

7. ऐच्छिक विषय

दिये गये विषयों में से किसी एक का चयन ऐच्छिक विषय के रूप में किया जा सकता है। ऐच्छिक विषय लेना अनिवार्य नहीं है। इसके लिए भी अधिकतम 100 अंक निर्धारित हैं।

उत्तीर्णता का मापदण्ड

1. वर्त्तमान में प्रत्येक विषय में उत्तीर्णांक 30 अंक है। ऐच्छिक विषय एवं अंग्रेजी विषय को छोड़कर शेष सभी विषयों में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
2. अंग्रेजी की परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य है। उत्तीर्णांक 30 है परन्तु अंकों का योग लब्धांक में शामिल नहीं होगा।
3. वर्ग IX एवं X की सावधिक परीक्षाएँ विद्यालय द्वारा संचालित होंगी।
4. समिति द्वारा वर्ग X की बोर्ड परीक्षा, वर्ग X के लिए निर्धारित पाठ्यक्रम के आधार पर ली जायेगी।
5. पाठ्यक्रम में प्रकरणवार निर्धारित अंक के अनुरूप प्रश्न पूछे जायेंगे।

5. पाठ्यक्रम में प्रकरणवार निर्धारित अंक के अनुरूप प्रश्न पूछे जायेंगे।

माध्यमिक बोर्ड परीक्षा के लिए पात्रता

1. नियमित छात्र– राज्य के सभी राजकीय/राजकीयकृत/मान्यताप्राप्त अल्पसंख्यक माध्यमिक विद्यालय एवं स्थापना अनुमोदित स्वायत्ताधारी माध्यमिक विद्यालय के वर्ग X के वैसे परीक्षार्थी माध्यमिक बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होंगे :

जो

- विद्यालय के नियमित छात्र हों और जिनकी उपस्थिति कुल कार्यदिवस का 75% हो।
- टेस्ट (जाँच) परीक्षा में सफल हों।

और

- बोर्ड परीक्षा में असफल छात्र पूर्ववर्त्ती परीक्षार्थी के रूप में परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे।

2. स्वतंत्र छात्र– स्वतंत्र छात्रों को निम्नलिखित परिस्थितियों में परीक्षा में सम्मिलित होने की इजाजत होगी

- वह बिहार के उस जिले का स्थायी निवासी हो जिस जिले से परीक्षा देनी है। वह बिहार में रह रहा हो। इसमें तभी छूट दी जायेगी जब छात्र के माता–पिता या अभिभावक सरकारी सेवा में हो और एक वर्ष पहले बिहार में अन्य राज्य से स्थानांतरित होकर आये हों।
- ऐसे छात्र के लिए जाँच परीक्षा में उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा। जाँच परीक्षा उस विद्यालय द्वारा आयोजित होगी जहाँ से छात्र फार्म भरता है।
- ऐसे छात्र को किसी जवाबदेह व्यक्ति द्वारा निर्गत अच्छे चरित्र का प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा। इस प्रमाण पत्र से प्रधानाध्यापक का संतुष्ट होना आवश्यक है।
- ऐसे छात्रों को भी बोर्ड के नियमावली के अध्याय–4 के अनुच्छेद 22 के तहत पंजीयन कराना अनिवार्य होगा।
- अपनी जन्मतिथि के संबंध में उसे शपथपत्र प्रस्तुत करना होगा। उम्र में विसंगति की आशंका की स्थिति में समिति किसी भी समय आयु की जाँच मेडिकल बोर्ड से करा सकती है और विसंगति की स्थिति में अभ्यर्थित्व रद्द कर सकती है।

उपस्थिति में छूट का प्रावधान

निम्न परिस्थितियों में निर्धारित उपस्थिति (75%) से कम उपस्थिति वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा में सम्मिलित होने की इजाजत दी जा सकेगी।

(i) बीमारी/असाध्य अथवा छुआछूत से फैलने वाले संक्रामक रोग, यथा टी.बी., पोलियो, पीलिया से ग्रसित छात्रों को 15% की छूट दी जायेगी।

(ii) माता–पिता अथवा अन्य निकट संबंधी की मृत्यु की दशा में 10% की छूट।

(iii) दुर्घटना अथवा ऐसी अन्य दुर्भाग्यपूर्ण परिस्थिति में 10% की छूट।

(iv) बीमारी की दशा में छूट का निर्णय प्रधानाध्यापक की अनुशंसा पर संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी, करेंगे। अन्य स्थितियों में प्रधानाध्यापक को अपने स्तर पर निर्णय लेने का अधिकार होगा।

पूरक परीक्षा

वार्षिक परीक्षा के परीक्षाफल के प्रकाशन के पश्चात् पूरक परीक्षा का आयोजन समिति द्वारा किया जायेगा। इस परीक्षा में निम्नकोटि के परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे :–

जो

- वार्षिक परीक्षा में एक अथवा एकाधिक विषयों में अनुत्तीर्ण रह गए हों, वे चाहे तो उस वर्ष विशेष की पूरक परीक्षा में उस विषय अथवा उन विषयों की पूरक परीक्षा में बैठ सकते हैं, जिनमें वे अनुत्तीर्ण रह गए हों अथवा वे चाहें तो उस वर्ष की पूरक परीक्षा में सभी विषयों में परीक्षा दे सकते हैं, किन्तु उन्हें फार्म भरते समय ही स्पष्टतः उल्लेख करना होगा कि वे एक/एकाधिक/सभी विषयों में पूरक परीक्षा देना चाहते हैं।
- वार्षिक टेस्ट परीक्षा में तो उत्तीर्ण हुए किन्तु किसी कारणवश उस वर्ष की वार्षिक परीक्षा में नहीं बैठ पाए।
- वार्षिक परीक्षा के लिए आयोजित जाँच परीक्षा में अनुत्तीर्ण अथवा अनुपस्थित परीक्षार्थियों के लिए पूरक परीक्षा में शामिल होने की पात्रता तभी मान्य होगी, जब वह पूरक परीक्षा के लिए विद्यालय स्तर पर आयोजित पुनर्जांच परीक्षा में उत्तीर्ण होंगे। प्रधानाचार्य ऐसे परीक्षार्थियों के लिए वार्षिक परीक्षा समाप्त होने के बाद विद्यालय में अतिरिक्त जाँच परीक्षा का आयोजन कर तदनुरूप सफल परीक्षार्थियों को उत्प्रेषित कर सकते हैं।

अध्ययन–योजना

परीक्षा–योजना में दिए गए विषयों का अध्ययन अनिवार्य होगा। छात्र को चाहिए कि वर्ग IX में प्रवेश के समय ही अपनी मातृभाषा के विषय, द्वितीय भारतीय भाषा एवं ऐच्छिक विषय का चयन कर लें। मातृभाषा अथवा द्वितीय भारतीय भाषा में किसी एक में हिन्दी का अध्ययन अनिवार्य है।

अध्ययन की अवधि

सप्ताह में 45 घंटियों में शिक्षण कार्य होगा और प्रत्येक घंटी 35–40 मिनट का होगा। प्रत्येक विषय का पाठ्यक्रम ऐसा है कि 180 घंटियों में सम्पूर्ण पाठ्यक्रम का शिक्षण किया जा सके। वर्ष में एक विषय के लिए इससे अधिक घंटियाँ होंगी जिसमें पुनरावृत्ति, सुधारात्मक शिक्षण एवं समूह अध्ययन आदि हो सकेंगे। प्रत्येक सप्ताह सोमवार से शनिवार तक शिक्षण कार्य सम्पादित होगा। विस्तृत विवरण परिशिष्ट–2 पर दिया गया है।

नोटः किसी भी बिन्दु पर अस्पष्टता या भिन्नता की स्थिति में उदाहरण देते हुए बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

पाठ्यपुस्तकों को शिक्षण का माध्यम माना जाए तब तो शिक्षक की वाणी की शायद ही कोई कीमत रह जाए। जो शिक्षक पाठ्यपुस्तकों में से सिखाता है वह अपने विद्यार्थियों को स्वतंत्र और मौलिक विचार करने की शक्ति नहीं देता। इससे शिक्षक स्वयं पाठ्यपुस्तक का गुलाम बन जाता है और अपना स्वतंत्र तेज दिखाने का मौका ही नहीं मिल पाता। इनसे मालूम होता है कि पाठ्यपुस्तकें जितनी कम होंगी, उतना ही शिक्षकों और विद्यार्थियों को लाभ होगा।

• महात्मा गाँधी